कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

www.nnindianews.com

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र

वर्ष :03, अंक :-271, पृष्ठ : 12 | मूल्य- 04.00 रुपये मात्र | बुधवार, 10 अप्रैल, 2024

# 50 फीट गहरी खाई में गिरी बस, 12 की मौत



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। राज्य के दुर्ग जिले में एक बस खदान में जा गिर गई। इसके चलते 12 कर्मचारियों की मौत हो गई। वहीं कई कर्मचारियों के घायल होने की खबरें भी हैं। फिलहाल राहत बचाव का कार्य जारी है। जानकारी के मुताबिक यह बस केडिया डिस्टलरी के 27 कर्मचारियों को लेकर कुम्हारी से भिलाई लौट रही थी। बस रात नौ बजे 50 फीट गहरी खदान में जा गिरी। रिपोर्ट के मुकाबिक फिलहाल इस हादसे में एसडीआरएफ और पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। इसके साथ ही घटनास्थल पर राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। स्थानीय पुलिस के अनुसार बस लौटने के दौरान खपरी रोड पर खदान पारा की एक मुरुम खदान में गिर गई।

यह हादसा फैक्ट्री से आधा किलोमीटर की दूरी पर हुआ है। गंभीर रूप से घायलों को रायपुर भेजा गया है। बताया जा रहा है कि इस हादसे में 9 लोग बुरी तरह जख्मी बताए जा रहे हैं। एक तरफ राहत बचाव का कार्य जारी है तो इसके साथ ही प्राथमिक उपचार के लिए कुछ लोगों को धमधा के स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया है। कुम्हारी, भिलाई 3 और रायपुर की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच चुकी है।

सूत्रों का कहना है कि घायलों की स्थिति काफी खराब है। इसके चलते मृतकों की संख्या बढ़ाने की संभावना बढ़ भी सकती है। पुलिस के मुताबिक घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। पुलिस ने जानकारी दी है कि शवों और घायलों को अस्पताल भेजा गया है तथा खदान से बस को निकालने की कोशिश की जा रही है।

## केजरीवाल को फिर झटका, वकीलों से मुलाकात की अर्जी खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक और झटका लगा है। न्यायिक हिरासत में बंद रहने के दौरान वकीलों से मुलाकात के संबंध में दाखिल केजरीवाल की अर्जी दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने खारिज कर दी है। केजरीवाल ने अपने वकीलों से हफ्ते में 5 बार मिलने की इजाजत मांगी थी। फिलहाल उन्हें सप्ताह में दो बार उनसे मिलने की इजाजत दी गई है। केजरीवाल को पिछले 24 घंटे में ये दूसरा बड़ा झटका लगा है। इससे पहले ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती देनेवाली केजरीवाल की याचिका दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी को सही ठहराया था।

## मुख्तार अंसारी की कब्र पर आज फातिहा पढ़ेगा बेटा अब्बास

**गाजीपुर।** मुख्तार अंसारी की कब्र पर आज फातिहा पढ़ी जाएगी। इसमें मऊ सदर से विधायक और मुख्तार का बड़ा बेटा अब्बास अंसारी भी शामिल होने के लिए आ गया है। वह करीब 17 महीने बाद घर गाजीपुर आया है। वह नवंबर 2022 से ही जेल में है। फातिहा में शामिल होने की पैरोल मिलने पर मंगलवार की देर शाम 7:40 बजे अब्बास को कड़ी सुरक्षा में पचलाना जेल से गाजीपुर के लिए रवाना किया गया था।












# 11 करोड़ की लागत से हाईटेक तीन मंजिला बन रहा खंदौली थाना



## खंदौली थाने में 100 का स्टाफ

थाने में थानाध्यक्ष ,23 सब इंस्पेक्टर,1 महिला सब इंस्पेक्टर,70 सिपाही,6 महिला सिपाही सहित करीब 100 का स्टाफ है लेकिन सरकारी आवास एक भी नही है जिसके चलते स्टाफ को काफी परेशानी हो रही थी उससे जल्द राहत मिल जायेगी ।

## 21 साल पूर्व का गिर गया था आवास, बच गये थे थानाध्यक्ष

2003 में थाना अध्यक्ष का सरकारी जर्जर आवास तत्कालीन थाना अध्यक्ष उमेश चंद्र चतुर्वेदी पूजा कर रहे थे उसी दौरान जर्जर आवास की छत भरभरा कर गिर गई थी लेकिन थाना अध्यक्ष बाल बाल बच गये थे 20 सालों से थाना अध्यक्ष बैरक में बने एक कमरे में ही रह रहे हैं ।

## अंग्रेजों के जमाने मे 1873 में बनी थी बिल्डिंग

अंग्रेजों के जमाने में सन 1873 में तहसील के लिये बनी थी बिल्डिंग जिसमें थाना खंदौली की बिल्डिंग को शिफ्ट किया गया बिल्डिंग पुरानी व जर्जर एवं गिरासू हो जाने पर 2020 में बिल्डिंग को गिराया गया था 3 साल बाद अब नये थाने का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है ।

एनएनआई

**खंदौली।** आगरा कमिश्नरेट का थाना खंदौली अंग्रेजों के जमाने में बना था थाने की बिल्डिंग जर्जर हो जाने पर 2015 में तत्कालीन थानाध्यक्ष खंदौली अजय कुमार यादव के द्वारा थाने को बैरक में शिफ्ट कराया गया था और नौ सालों से थाना बैरक में ही चल रहा था क्षेत्रीय भाजपा विधायक डॉ धर्मपाल सिंह के प्रयासों से उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने 11 करोड़ की लागत से नया आधुनिक हाईटेक थाना बनाने की मंजूरी दे दी है और निर्माण के लिए राशि भी अवमुक्त कर दी है नया थाना बनाने का टेंडर आगरा की एक कम्पनी को मिला है जिसका निर्माण कार्य पिछले 2 महीने से शुरू हो गया है।

वही पुरानी बिल्डिंग टूटने के बाद शुरू हुए निर्माण कार्य से कस्बा वासी व थाने के कर्मचारी बहुत ही खुश नजर आ रहे हैं । खंदौली कस्बा में करीब 11 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा नया हाईटेक थाने का निर्माण कार्य बहुत मजबूत व नई तकनीकी से बनाया जा रहा है दो माह पूर्व इसका निर्माण शुरू हो गया है थाना अध्यक्ष खंदौली राजीव कुमार सोलंकी ने बताया कि खंदौली में हाईटेक थाने का निर्माण कार्य आगरा की एक कम्पनी करा रही है उन्होंने बताया है कि 11 करोड़ रुपये करीब की लागत से नया हाइटेक थाना बनेगा जिसका निर्माण कार्य तेजगति से चल रहा है नया थाना 3 मंजिला होगा थाने में इंसपेक्टर के आवास सहित 16 आवास होंगे और स्टाफ रूम, ऑफिस हॉल,सब इंस्पेक्टर रूम, मीटिंग हॉल,112 कंट्रोल रूम, कंप्यूटर रूम डायनिंग हॉल, किचिन, मनोरंजन रूम के साथ ही हेल्पडेस्क, पूछताछ व स्वागत कक्ष, मालखाना, एसएचओ रूम, पुरुष लॉकअप, महिला लॉकअप, शस्त्रागार कार्यालय, सहित मेल फीमेल टॉयलेट ब्लॉक भी बनाए जाएंगे इसके अलावा थाने के एचएम का भी रूम आधुनिक होगा।

# जैन समाज ने भगवान पार्श्वनाथ के विधान के साथ मनाया नव वर्ष

एनएनआई

**बाह।** बुधवार को बाह के पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ का विधान कर नया साल मनाया गया। अभिषेक पूजन शांतिधारा के बाद हुए विधान में विधानाचार्य आशीष जैन, संभव जैन ने कहा कि परिवार, समाज और राष्ट्र में सदभावना होनी चाहिए। नैतिकता के विकास के साथ नशा मुक्ति का संकल्प लें। विषम परिस्थितियों में हमें डरना नहीं है। हमें हर चुनौती का सामना करना है। इस दौरान भजन, कीर्तन के जरिए भगवान पार्श्वनाथ का ध्यान किया गया। विधान में राजीव कुमार जैन, दिनेश चन्द्र, आशीष जैन, मनोज जैन, हर्षित जैन, मनीष जैन, अखिल जैन, अमित जैन, निक्कू जैन, मुकेश जैन, नवीन जैन, सुबोध जैन, हैप्पी जैन, सपन जैन, अमन जैन, राजेश जैन, मंजू जैन, रचना जैन, रजनी जैन, अंजू, साधना, अंजली, ममता आदि रहे।



## जल सेवा अभियान के तहत जगह-जगह रखें जल पात्र

(एनएनआई) **फतेहपुर सीकरी।** मंगलवार को अखण्ड भारत परशुराम सेना के कार्यकर्ताओं ने निराश्रित गोवंश व पक्षियों के लिए जल सेवा अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कोतवाली, गांधी चौक, आगरा गेट, भरतपुर आगरा तिराहा, अनाज मंडी, व काठिया वाडी गंगा होटल कोरई टोल प्लाजा पर जल पात्र रखवाए, कार्यक्रम में सत्य सनातन संघ के कार्यकर्ताओं ने पूर्ण सहयोग दिया। वासुदेव वशिष्ठ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए हर जीव की महत्ता है।, हमें सभी जीवों की सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर, पुरुशोत्तम वसिष्ठ, शिवसंकर आर्य, विशाल कहरवार, रिंकू, राहुल कहरवार, विराट कहरवार, कौशल पचौरी, मनोज राजपूत, श्याम सुन्दर कटारा, स्वामी अमरीश ठाकुर , छोटू पंडित, गौरव गर्ग, शिवप्रताप यादव, जीतू कहरवार, शिशुपाल कटारा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने डॉ. एम. ए. गौरी



**आगरा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार मौलाना इकबाल कादरी राष्ट्रीय अध्यक्ष (समाजवादी पार्टी अ. स.) ने आगरा के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. एम.ए. गौरी को समाजवादी वादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर पार्टी में उचित सम्मान देने का कार्य किया है। डॉ. गौरी समाजवादी पार्टी के बहुत पुराने व स्व. मुलायम सिंह यादव नेता जी व अखिलेश यादव के बेहद करीबी माने जाते हैं। पार्टी द्वारा आयोजित लगभग सभी कार्यक्रमों में डॉ. गौरी को अपने ऊर्जावान साथियों के साथ सपा अध्यक्ष के करीब ही देखा गया है। डॉ. गौरी ने हमेशा आम जनता के हित के लिए कार्य किया है। आज डॉ. गौरी पार्टी प्रमुख के चेहते व बफादार नेता के रूप में उभरे हैं। उनके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनित होने पर रामजीलाल सुमन राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सासद, श्रीकृष्ण वर्मा, जिला अध्यक्ष वाजिद निसार, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान, ज्ञानेंद्र गौतम, विनय अग्रवाल, राम सहाय यादव, नितिन कोहली, राजपाल यादव, महाराज सिंह धनगर, कुँवर चंद एडवोकेट, आजाद सिंह जाटव, सलीम शाह, धर्मेंद्र यादव, दीन मौहम्मद व अन्य सभी वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं ने बधाई और शुभकमनाएं दी हैं।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ताओं को लगाया चंदन

(एनएनआई) **फतेहपुर सीकरी।** हिंदू नव वर्ष की शुरूआत चैत्र नवरात्र व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना को संघ कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया प्रातः मधुकर संघ स्थान पर संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार को स्वयंसेवकों ने आध्या सर संघ चालक प्रणाम किया । तत्पश्चात नूतन वर्ष पर कस्बा बाजार में स्वयंसेवकों द्वारा द्वारा प्रतिष्ठानों कॉलोनी तथा घर-घर जाकर हिंदू नव वर्ष के प्रारंभ को लेकर 9 मार्च 2024 को चैत्र नूतन वर्ष 2081 को मनाते हुए भारतीय परंपरा के अनुसार घर-घर जाकर चंदन का टीका लगाया तथा आरएसएस ग्राउंड पर नूतन वर्ष को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जीवन में खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए मुख्य बाजार से संतोष नगर बस स्टैंड तक प्रतिष्ठान दुकानों कार्यालय पर जाकर लोगों को नूतन वर्ष की बधाई देते हुए झंडा स्थापित किया। प्राचीन काल की परंपरा को नई पीढ़ी भूलती जा रही है। संघ के पधाधिकारी रामबीर फौजदार ने कहा कि समय के बदलाव के अनुसार अंग्रेजी परंपरा घर-घर पीढ़ी दर पीढ़ी पहुंचती जा रही है। अंग्रेजी वर्ष पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से लेकर व्यावहारिक तौर पर हम सभी जनवरी के माह में एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई खुशी के लिए आशीर्वाद देने का कार्य करते हैं। हम अपनी पुरानी परंपरा को भूलते जा रहे हैं इसके लिए पूरे भारतवर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ही एक ऐसा संगठन है सामाजिक व धार्मिक चेतना जागृत करने में अपनी अहम भूमिका निभाता है। इस दौरान प्रमुख रूप से धर्मेन्द्र फौजदार , विष्णु शर्मा ,रामजी गोयल , अभिषेक फौजदार,राहुल घाटी, संतोष राजपूत, नितिन सांवरिया ,सागर गोयल ,मोहन सिंघल ,मंगल सेन मित्तल ,प्रमेंद्र फौजदार , विनोद सांवरिया, सचिन गर्ग समेत बड़ी संख्या में संघ के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# बेरहम खांसी से निकल रहा बच्चों का दम, खांस खांस कर बच्चे हो रहे बेहाल

**जैतपुर।** मौसम के बदलते से ही बीमारियों ने घर-घर में पैर पसारने शुरू कर दिए हैं फिर चाहे शहर हो या गांव देहात घर-घर बीमारी से बेहाल मरीज कराह रहे हैं। अस्पताल में अधिकांश मरीज सर्दी खांसी और बुखार के दिखाई दे रहे हैं। मौसम के बदलते से ही एक ऐसा खतरनाक वायरस फैल रहा है जो खासकर के बच्चों में फेफड़ों पर अटैक कर रहा है जिस कारण बच्चों का रात दिन खांस खांस कर दम फुला रहा है यह वायरस इतना पावरफुल है कि इस पर अधिकांश एंटीबायोटिक या एंटी एलर्जीक दवाई भी काम नहीं कर रही है जो डॉक्टर के लिए भी चिंता का विषय बनी हुई है। जानकारों की माने तो जब से मौसम में बदलाव हुआ है तभी से वातावरण में एक ऐसा वायरस फैल रहा है जो लोगों के सीधे फेफड़ों पर अटैक कर रहा है इस वायरस की चपेट में खासकर छोटे-छोटे बच्चे आ रहे हैं जिनको यह अधिक परेशान कर रहा है अस्पतालों के डॉक्टरों का कहना है यह कॉविड की तरह ही मरीज के फेफड़ों पर अटैक कर रहा है लेकिन ये कोविड की तरह जानलेवा नहीं है । इस वायरस में भी बच्चों को गले में और फेफड़े में बलगम भरा रहता है जिस कारण बच्चे ठीक तरह से सांस तक नहीं ले पा रहे हैं यह वायरस इतना पावरफुल है कि जिस तरह से कोरोना के समय एंटीबायोटिक और एंटी एलर्जिक दवाई काम नहीं कर रही थी इसी तरह इस वायरस पर भी अधिकांश एंटीबायोटिक और एंटी एलर्जी दवा काम नहीं कर रही है बच्चों को दिन में तीन-तीन चार-चार बार नेबुलाइजर लगाना पड़ रहा है तब कहीं जाकर वह सांस ले पा रहे हैं सर्दी और बलगम वाली खांसी के मरीजों से अस्पतालों की ओपीडी भारी पड़ी हुई है वही गांव देहात के क्लिनिको पर भी इसी वायरस के सताए हुए मरीज अपना दम खुला रहे हैं।



देखिए अभी जो अधिकांश बच्चों में सर्दी खांसी के लक्षण मिल रहे है वे एलर्जिक है। मौसम बदलने या पॉल्यूशन के कारण भी यह दिक्कत आ रही है । जहां तक दवा न लगने का प्रश्न है तो बच्चों में पहले टेस्ट कर लिया जाए फिर उसके अनुसार इलाज दिया जाए तो निश्चित रूप से मरीज जल्द ही ठीक हो जाता है अभी ऐसी कोई चिंता की बात नहीं है सर्दी खांसी कुछ मरीजों में बहुत लेट जाती है। इस वायरस की तुलना कोविड से नहीं कर सकते है इलाज के बाद बच्चे ठीक हो रहे है ।



**डॉ विजय कत्याल सीनियर चाइल्ड स्पेशलिस्ट आगरा**

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित
**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**
RNI Title Code no UPHIN49797
**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**
E MAIL newsnextindia1@gmail.com
Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना ब्रज

बुधवार, 10 अप्रैल, 2024 www.nnindianews.com

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र



# प्रमोद श्रीवास्तव को मिला साहित्य साधक सम्मान

### साहित्य साधक सम्मान से नवाजे गए देश के कवि

हरिद्वार। आगरा के कवि प्रमोद श्रीवास्तव को हरिद्वार में साहित्य साधक सम्मान से सम्मानित किया गया है। दिल्ली स्थित अखिल भारतीय स्वयंसेवी संस्था सोशल एंड मोटिवेशनल ट्रस्ट के 7वें वार्षिकोत्सव -सह- काव्य-गोष्ठी एवं साहित्यकारों के सम्मान कार्यक्रम का भव्य आयोजन देवभूमि हरिद्वार में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम दो सत्रों में था जिसकी अध्यक्षता संस्थापक रवीन्द्र नाथ सिंह एवं अरविंद श्रीवास्तव 'असीम' ने की। मुख्य अतिथि डॉ. विजय प्रसाद शुक्ल एवं डॉ. विजय कुमार मिश्र थे। विशिष्ट अतिथि पंकज कुमार झा, राजपाल यादव, प्रभात कुमार सिन्हा, पं अखिलेश गोस्वामी,डा रजनी रंजना एवं रथिंद्र नाथ झा थे। कार्यक्रम का आरंभ संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता सिंह ने किया। अर्चना झा अन्नू तथा साथियों द्वारा सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। झारखंड अध्यक्ष ममता झा ने अपने साथियों के साथ संस्था के समूह गान की सुंदर प्रस्तुति दी।

संस्था के संस्थापक रवीन्द्र नाथ सिंह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता सिंह ने अतिथियों का स्वागत उद्बोधन करते हुए संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान कुछ साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

70 से अधिक कवियों एवं कवयित्रियों ने अपने काव्य पाठ से एक सुंदर साहित्यिक माहौल का निर्माण किया। सोशल एंड मोटिवेशनल ट्रस्ट द्वारा चार युगल



जोड़ियों को साहित्यिक क्षेत्र में योगदान के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया। संस्था के कार्यों में सक्रिय योगदान के लिए भी रथिंद्र नाथ झा, संजय कुमार ओझा, आर डी शर्मा एवं आरती झा को कर्म श्रेष्ठ सम्मान से एवं कर्मयोगी सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम में कुछ पुस्तकों का विमोचन भी संपन्न हुआ।

### इन कवियों को दिया गया साहित्य साधक सम्मान

डा विजय प्रसाद शुक्ल, ओमप्रकाश द्विवेदी ओम, इंद्रजीत तिवारी 'निर्भीक', संजय कुमार ओझा, राजपाल यादव, विजय शंकर मिश्रा, अनंत कुमार सप्रे, इंद्राणी सिन्हा, अनिल कुमार प्रसाद, डा ज्योत्स्ना प्रसाद, डा मीना कुमारी परिहार, राजीव मिश्रा, डा रजनी दुर्गेश, आरती झा, रश्मि अभय, ममता झा, सुमन झा माहे, अर्चना झा 'हिना', डा अंजू अग्रवाल 'उत्साही', डॉ अरविंद श्रीवास्तव असीम, प्रवीण शर्मा, अर्चना झा अन्नू, पूनम देवी, कमल धमीजा, दीपा शेखर झा 'दिवा', कोमल प्रसाद राठौर, स्मिता श्रीवास्तव 'सखी', निलम नील, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, डा पंकज कुमार झा, बीना श्रीवास्तव, डा अनिता निधि, गीता कुमारी, श्याम कुमार लाल दास, डा रुपा झा, ममता ठाकुर मैत्री, आर डी शर्मा, मीनाक्षी गुप्ता, शोभना कौशिक, अलका शर्मा, राजेश कुमार भटनागर, किरण राज एवं रथिंद्र नाथ झा, अनिल मासूम, अनिता निधि एवं अर्चना झा हिना ने बहुत हीं सुंदर मंच संचालन किया, जिससे कार्यक्रम और अधिक रोमांचक हो गया।

राष्ट्रीय सलाहकार रथिंद्र नाथ झा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। दिल्ली स्थित स्वयंसेवी संस्था सोशल एंड मोटिवेशनल ट्रस्ट साहित्य,कला, संस्कृति एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था है जो ऐसे कार्यक्रमों को समय समय आयोजित कर समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह करती है।

## महंगे कपड़े और जूतों का शौक, बना चोर

एनएनआई

मथुरा। जीआरपी टीम ने शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। इसने महज ढाई मिनट में चार रेल यात्रियों के मोबाइल फोन पार कर दिए। सीसीटीवी फुटेज में घटना देख पुलिस भी हैरान रह गई। वीडियो के आधार पर जीआरपी ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अवनीश सिंह पुत्र देशराज सिंह निवासी गोपालपुर एटा ने बताया कि उसे काम की तलाश थी। कोई काम नहीं मिला तो चोरी करना शुरू कर दिया। वह रोजाना एटा से मथुरा आता। रात के वक्त ट्रेन का इंतजार कर रहे रेल यात्रियों के पास जमीन पर लेटता। मौका मिलते ही रेल यात्रियों के फोन चोरी कर लेता। जीआरपी को लगातार मोबाइल चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। इस पर टीम ने जंक्शन के द्वितीय एंट्री पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की। इसमें एक युवक एक-एक कर चार लोगों के पास जाकर लेटता है। उनके मोबाइल चोरी कर लेता है। फुटेज से पहचान होने के बाद आरोपी को जंक्शन से ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि अवनीश राह चलते लोगों को अपनी मजबूरी दिखाकर दो हजार रुपये में मोबाइल बेच देता था। एटा की एक दुकान पर भी चुराए गए मोबाइल बेचे हैं। आरोपी ने बताया कि उसे महंगे कपड़े और जूते पहनने का शौक है। चोरी के मोबाइल बेचकर मिली रकम से वो कपड़े और जूते खरीदता था। नए कपड़े पहनकर स्टेशन जाता था। अपना हुलिया इस तरह बनाता था जैसे वो रेलयात्री हो। जीआरपी थानाध्यक्ष संदीप तोमर ने बताया कि आरोपी ने जिन लोगों को मोबाइल बेचे हैं, उनके बारे में भी जानकारी की जा रही है।

## मीटर से केबिल चोरी करने वाला किया अरेस्ट

फिरोजाबाद एनएनआई। थाना उत्तर क्षेत्र में रात में अंधेरे का फायदा उठाकर करीब आधा दर्जन मोहल्लों में मीटर से केबल चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। केबल चोरी करते हुए वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। उसकी निशानदेही पर चोरी की गई सात केबल बरामद की गई हैं। शहर में मोहल्ला दुली, दुर्गानगर, हनुमानगंज, चौबेजी का बाग, सरक्यूलर रोड, कृष्णा पाड़ा में लगातार एक युवक विद्युत आपूर्ति बंद होने के बाद रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मीटर से कॉपर की केबल चोरी कर रहा था। जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तार के लिए दो टीम लगाई थीं।

राम जी भंडारे वाले

थाली पूरी 45/-



8 पूरी, 2 सब्जी, रायता, अचार, मिठाई (पैठा/पेड़ा)

पैकिंग चार्ज 5 रु अतिरिक्त

50 पैकिट से ऊपर ऑर्डर पर डिलीवरी निःशुल्क

भंडारा (रिफाइंड)

50 किलो / 11000, 100 किलो / 19000 Rs

भंडारा (देसी घी)

50 किलो / 17000, 100 किलो / 27000 Rs

Mob : 8218820638, 9368713881

फ्रेंड्स टॉवर, संजय प्लेस, आगरा

# दिलों में घुलेगी सिंवई की मिठास

❍ शहर में जोर-शोर से चल रहीं ईदुल फितर की तैयारियां

एनएनआई



**आगरा।** तीस दिन के रोजे के बाद अब एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देने का वक्त आ गया है। घरों से लेकर बाजार तक सभी जगह जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। बाजार आज भी खरीददारी करने वालों से गुलजार है तो वहीं घरों में भी साफ-सफाई और साज-सजावट और पकवानों के बनने का सिलसिला जारी है। इंतजार है तो बस ईद के चांद के दीदार का। हमेशा की तरह इस बार भी लोगों की कोशिश है कि मेल-मिलाप के इस पर्व पर हर दिल में सिंवई की मिठास घुले और सभी मिल-जुलकर ईद मनाएं।

**शरारा-गरारा और पठानी कुर्ते की मांग**

खुद को लेकर हर बार की तरह इस बार भी लोगों में गजब का उत्साह नजर आ रहा है। ईद से जुड़ी तैयारियों को लेकर लोग खाने-पीने से लेकर कपड़े और साज-सजावट की मांग बाजार बढ़ गई है। बाजिव दामों में सामान की खरीददारी को दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ जुट रही है। लेडिज कपड़ों में शरारा और गरारा की मांग है। यह बाजार में ढाई हजार से लेकर छह हजार रुपये तक में उपलब्ध है। सिंगल गाउन का भी अच्छा कलेक्शन बाजार में है।

**ब्रांडेड कपड़ों के दिए जा रहे ऑफर**

मैन्स वीयर में ईद स्पेशल के तौर पर पठानी कुर्ता 12 सौ रुपये से लेकर दो-ढाई हजार तक की रेंज में बाजार में मुहैया है। कई दुकानों में मैन्स वीयर में कई ब्रांड्स पर आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं। जिसमें बाई टू गेट 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

## इंतजार चांद के दीदार का

आगरा। एक माह के रोजों के बाद कल गुरुवार को ईदुल फितर का त्योहार मनाया जाएगा। मंगलवार को चांद नजर नहीं आने पर रोजेदारों ने आज तीसवां रोजा रखा। शाम को चांद का बेसब्री से इंतजार रहेगा। कल बुधवार को ईद मनाई जाएगी। ईद की मुख्य नमाज शाही ईदगाह में सुबह सात बजे शहर काजी अदा कराएंगे। इसके बाद शाही जामा मस्जिद में साढ़े सात बजे नमाज पेश इमाम अदा कराएंगे। इसके बाद शहर की अन्य मस्जिदों में अलग-अलग समय सुबह साढ़े नौ बजे तक ईद की नमाज अदा होगी।

## नमाज के लिए ताजमहल पर प्रवेश रहेगा निःशुल्क

**आगरा** एनएनआई। ईद-उल-फितर पर ताजमहल दो घंटे के लिए निःशुल्क रहेगा। ईद पर नमाज के लिए सुबह सात से नौ बजे तक यह व्यवस्था लागू होगी। इस अवधि में ताजमहल के पूर्वी और पश्चिमी गेट स्थित टिकट विंडो भी बंद रहेंगी। अकीदतमंदों के साथ ही पर्यटकों को भी स्मारक में निःशुल्क प्रवेश मिलेगा। मुख्य मकबरे पर 200 रुपये का अतिरिक्त टिकट लागू रहेगा। ताजमहल में ईद-उल-फितर और ईद-उल-अजहा पर नमाज के लिए अकीदतमंदों को निःशुल्क प्रवेश दिया जाता है। चंद्र दर्शन के आधार पर ईद का दिन निर्धारित होगा। 11 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी। प्राचीन स्मारक, पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1959 की धारा छह में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ. राजकुमार पटेल ने ईद पर सुबह सात से नौ बजे तक ताजमहल के निःशुल्क रहने का आदेश जारी किया है।

## सूचना

पहले मेरा नाम MANEE THAMPY जो कि बदलकर GNANA KUMARI कर लिया है भविष्य में मुझे GNANA KUMARI नाम से जाना-पहचाना जाये। मेरी गलत जन्मतिथि 01.01.1968 है जबकि सही जन्मतिथि 01.01.1970 है। GNANA KUMARI W/O THAMPY AV R/O 9ए दयाल क्लीनिक, केनरा बैंक के पास, कुण्डौल, आगरा

## सूचना

मेरा पुत्र हर्ष गर्ग एवं पुत्रवधू अक्षिता गर्ग मेरे कहने में नहीं है। उनसे मेरा किसी तरह का कोई संबंध नहीं है। मैं इन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इन दोनों के किसी भी लेनदेन, अनैतिक कृत्य का जिम्मेदार मैं अथवा मेरे परिवारीजन नहीं होंगे, किसी भी कृत्य के वे स्वयं ही जिम्मेदार होंगे।

रजत प्रकाश गर्ग पुत्र श्री हरिकिशन गर्ग, 4/32 कचहरी घाट, आगरा।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन

# जगदीशपुरा जमीन कांडः फर्जी मालकिन समेत छह भेजे जेल

एनएनआई

**आगरा।** जगदीशपुरा जमीन कांड में टहल सिंह के जिंदा सामने आने के बाद नए-नए मोड़ आ रहे थे। टहल सिंह के फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र के आधार पर सदर तहसील से वारिसाना बना था। फर्जी कागजात बनवाने वाले फर्जी मालकिन सहित आधा दर्जन लोगों को जगदीशपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार जेल भेजा। बोदला में 50 करोड़ रुपए की जमीन पर कब्जा प्रकरण काफी सुर्खियों में रहा था। मामले में तत्कालीन पुलिस कमिश्नर को भी डीजीपी कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया था। पुलिस ने दो फर्जी मुकदमे दर्ज कर केयरटेकर रवि कुशवाहा सहित उसके परिवार के पांच लोगों को जेल भेजा था। रवि कुशवाह सहित तीन से गांजा बरामद किया गया था। उसकी पत्नी और बहन से शराब बरामद दिखाकर जेल भेजा गया था। गांजा बरामदगी के मुकदमे में पुलिस वादी बनी थी। जबकि शराब बरामदगी का मुकदमा आबकारी निरीक्षक ने दर्ज कराया था। दोनों की फर्द में अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल थे। मामले में थाना जगदीशपुरा के तत्कालीन थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार और कई लोगों को जेल भेजा गया था। बिल्डर पिता-पुत्र को हाईकोर्ट से स्टे मिल गया था। टहल सिंह अपने दो बेटों जगदेव सिंह और हरजीत सिंह के साथ सदर तहसील में उपस्थित हुए थे। उनके साथ मैनपुरी के मनोज यादव और उनका बेटा प्रियांशु यादव था। टहल सिंह ने कहाकि उमा देवी का उनकी जमीन पर मालिकाना हक बताया जा रहा है। केयर टेकर के रूप में रवि कुशवाह और संकरिया दावा कर रहे हैं। उमा देवी कौन है, उन्हें नहीं पता है। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने उनके 161 में बयान दर्ज किए। इसके बाद 164 में मजिस्ट्रेटी बयान भी दर्ज कराए गए। इधर जांच में सामने आया था कि टहल सिंह की वारिस बता उमा देवी ने इस भूमि का दाखिल खारिज कराया था। उमा देवी के वारिसान प्रमाणपत्र पर सदर तहसील के लेखपाल, कानूनगो और तहसीलदार के हस्ताक्षर थे। लेखपाल और काननूगो ने बिना जांच के प्रमाणपत्र जारी किया था। गवाहों के आधार पर बने इस प्रमाणपत्र का सत्यापन नहीं कराया गया। टहल सिंह का मृत्यु प्रमाणपत्र भी फर्जी निकला। मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए टहल सिंह का फर्जी आधार नंबर व श्मशान की रसीदें लगाई गईं। थाना पुलिस ने 6 लोगों को उसी मुकदमे में धारा बढ़ाते हुए जेल भेजा है जो जगदीशपुरा थाने में उमा देवी की तहरीर पर लिखा हुआ है। उमा देवी ने पूछताछ में यह भी बताया कि धर्मेन्द्र ने फर्जी कागज बनवाये थे।

### यह लोग भेजे गए जेल

फर्जी कागजात तैयार कराने के मामले में किशन मुरारी उर्फ मोहित कुशवाह पुत्र स्व. रामबाबू निवासी फ्रीगंज रोड रेलवे पुल के पास विजयनगर हरिपर्वत, वादिया मुकदमा उमा देवी पत्नी स्व. पदम चन्द्र हाल निवासी काशीराम आवास योजना टेढ़ी बगिया के पास 80 फुटा रोड ट्रांसयमुना, शंकरिया उर्फ शंकरलाल पुत्र दीनानाथ निवासी सरदार टहल सिंह का बाड़ा बीएस काम्पलेक्स के सामने, जगदीशपुरा मूल निवासी बर्र की ठार फतेहाबाद, रवि कुशवाह पुत्र दीनानाथ कुशवाह निवासी सरदार टहल सिंह का बाड़ा बीएस काम्पलेक्स के सामने जगदीशपुरा मूल निवासी बर्र की ठार फतेहाबाद, धर्मेंद्र पुत्र प्रयाग सिंह निवासी यमुना ब्रिज स्टेशन रोड, एत्माद्दौला, राजू पुत्र स्व. राम सिंह निवासी जोन्स मिल जीवनी मंडी छत्ता शामिल हैं।






# गीता के उपदेशों को अपने जीवन में उतारें

- महामना मालवीय मिशन के स्थापना दिवस संस्कृति भवन में हुई गीता संगोष्ठी और काव्य संध्या

एनएनआई




**आगरा।** महामना मालवीय मिशन के स्थापना दिवस पर बाग फरजाना रोड स्थित संस्कृति भवन पर्यटन और यात्रा प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित गीता संगोष्ठी और काव्य संध्या में रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुति दीं। मुख्य अतिथि प्रो प्रमोद शर्मा रहे। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. आशुरानी गीता के उपदेशों को अपने जीवन में अपनाने का आव्हान किया। साथ ही महामना मालवीय मिशन को गीता संगोष्ठी और काव्य संध्या के लिए बधाई दी। राकेश चन्द्र शुक्ला ने बताया कि गीता संगोष्ठी के मुख्य वक्ता आरबीएस महाविद्यालय के पूर्व प्रो. हरिवंश पाण्डेय ने गीता के महत्व से अवगत कराया। प्रो. लवकुश मिश्र गीता मनीषी देवेन्द्र बाजपेयी ने भी गीता पर अपना उद्बोधन दिया। इस दौरान प्रो. उमापति दीक्षित रामकथा अनुरागी ने कहाकि जीवन के चतुर्दिक विकास में श्रीमद्भगवद्गीता में वर्णित प्रेरक संदेश हमें निरंतर आत्मसात करने होंगे ये हमारे दैनंदिन जीवन को समृद्ध करते हुए मार्गदर्शन भी करती है। काव्य गोष्ठी में प्रो. उमापति दीक्षित, केंद्रीय हिंदी संस्थान ने नवरात्रि पर मां शक्ति की उपासना, देवी स्तुति और श्लोक वाचन करते हुए महादेव के शिवतांडव स्त्रोत पाठ भी किया। प्रो. युवराज सिंह, डॉ. रुचि चतुर्वेदी, कवि मोहित सक्सेना अभिषेक शर्मा ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। राकेश चन्द्र शुक्ला ने बताया कि महामना मालवीय मिशन, सूर पीठ और डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी की रूप-रेखा तैयार की जा रही है, जिसे शीघ्र ही मूर्तरूप दिया जाएगा। इस मौके पर आरबीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. विजय श्रीवास्तव, आगरा कॉलेज के प्रो. विजय कुमार सिंह, प्रो. डीसी मिश्रा, सेमनाथ जैसल, डॉ. नीलम यादव, सुरेश तिवारी, एसके बग्गा, सतीशदेव त्यागी, मनोज कुमार शर्मा, डीके पाण्डेय आदि शामिल रहे।

# डेस्टिनेशन वेडिंग को मिले पंख

- ग्रैंड मर्क्योर के कन्वेंशन सेंटर के मानचित्र का हुआ विमोचन

एनएनआई

**आगरा।** ग्रैंड मर्क्योर के कन्वेंशन सेंटर के मानचित्र का विमोचन वेडिंग इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल रावी और संदीप उपाध्याय ने किया। फतेहाबाद रोड स्थित होटल ग्रैंड मर्क्योर 18 हजार स्क्वायर फीट में इंडोवेस्टर्न डिजाइन के साथ इस कन्वेंशन सेंटर से डेस्टिनेशन वेडिंग, कांफ्रेंस और पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। एसोसिएशन के संदीप उपाध्याय, होटल महाप्रबंधक विवेक महाजन और एसोसिएशन के सदस्यों की मौजूदगी में कन्वेंशन सेंटर के मानचित्र का विमोचन हुआ। विवेक महाजन ने बताया कि यह कन्वेंशन सेंटर आगामी जुलाई में बनकर तैयार हो जायेगा। इसमें 170 लग्जरी रूम के साथ कन्वेंशन सेंटर डेस्टिनेशन वेडिंग सहित अन्य आयोजन एक ही जगह पर पूर्ण कर सकेंगे। वेडिंग इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल रावी ने कहाकि इस कन्वेंशन के निर्माण से विवाहिक और पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर संदीप उपाध्याय, प्रशांत दुबे, शिखा जैन, सागर तोमर, तरून अग्रवाल, सौरभ सिंघल, पियूष सिंघल, मनीष सिंघल, हनी गर्ग, सनी गुप्ता, सीपी चौधरी, सीपी शर्मा, पुनीत अग्रवाल, अखिल अग्रवाल, मनोज शर्मा, अरून सक्सेना, वरदान शर्मा, राहुल चौहान, शशांक शर्मा, अंकित, कपिल, शेफ और प्रमोद आदि मौजूद रहे।



# दक्ष कन्या शोभायात्रा 14 को निकलेगी

- दोपहिया वाहनों पर निकलेंगे प्रजापति समाज के अनुयायी
- शोभायात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर होगा स्वागत

एनएनआई



**आगरा।** दक्ष कन्या मां भगवती शोभायात्रा 14 अप्रैल को निकाले जाने को लेकर नालबंद चौराहा स्थित प्रजापति देवी मन्दिर पर हुई बैठक में आयोजन की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। संयोजक सुनहरी लाल गोला, अध्यक्ष अशोक गोला ने बताया कि शोभायात्रा में इस बार 80 से अधिक झांकियां निकलेंगीं। इस बार सादाबाद, एत्मादपुर सहित अन्य जगहों से झांकी आएंगी। साथ ही शोभायात्रा मार्ग में तोरण द्वार लगाए जाएंगे। नवीन प्रजापति ने 14 अप्रैल को अधिक से अधिक समाजजनों से वाहन रैली में शिरकत करने की अपील की। शोभायात्रा में भंडारा के साथ फूलों की वर्षा होगी। बैठक में श्याम लाल प्रजापति, जय चन्द प्रजापति, सोनी प्रजापति, प्रभूदयाल प्रजापति, परमानन्द्र प्रजापति, रविन्द्र दक्ष, भारत, ओमप्रकाश प्रजापति, जगदीश दक्ष, गोपाल कृष्ण दक्ष, ललितेश गोला, जयसिंह, रघुवीर, अजय प्रजापति, राहुल, उमेश, सुनील बाबू, जीतू, सतीश, मनोज, राजकुमार, पवन, सन्त कुमार, सतीश प्रजापति, कहरई, रामगोपाल, अतर सिंह प्रजापति, अरविन्द गोला, प्रकाश प्रजापति, राजीव प्रजापति, रामप्रसाद करीला, मुनेश प्रजापति, अमर सिंह, श्रीराम गोला, हरि ओम प्रजापति, मीडिया प्रभारी सुमित प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# समरसता संदेश के साथ मनाया नव संवत्सर

- ट्रांसपोर्टर्स ने गर्मियों में पक्षियों के लिए जल पात्र और घरोंदे बांटने का लिया संकल्प
- नव संवत्सर पर बांटी धर्म पताकाएं, प्रसाद बांट किया शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा को नमन

एनएनआई



**आगरा।** ट्रांपोर्टर्स ने एक-दूसरे को चंदन का टीका लगाकर हिन्दू नव संवत्सर की शुभकामनाएं दीं। आगरा गुड्स कैरियर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के संरक्षक दीपक शर्मा जाटनी बाग स्थित कम्पनी पर सामाजिक सद्भाव और समरसता का संकल्प लेते हुए व्यापारियों ने एक-दूसरे को चंदन लगाकर बधाई दी। इस दौरान प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर श्री शर्मा ने कहाकि जहां एक और अंग्रेजी नव वर्ष के शुभारंभ पर पश्चिमी सभ्यता के परिचायक क्लब पार्टियों में लोग जाते हैं। वहीं सनातन धर्म का नव संवत्सर शक्ति स्वरूप मां दुर्गा की आराधना से शुरू होता है। इस मौके पर सभी ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने गर्मियों में पक्षियों के लिए जल पात्र और घरोंदे बांटने का संकल्प लिया। इस मौके उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गिर्राज अग्रवाल, ओमप्रकाश, आगरा गुड्स कैरियर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के रमेश शर्मा, नरेश वर्मा, अजय तिवारी, बॉबी वेदी, मोनू बघेल, विनोद बघेल, अजय तिवारी, किशन दीक्षित, हिमांशु कौशिक, मनीष जैन, रूपेंद्र सिसोदिया, योगेश शर्मा आदि मौजूद रहे।



# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर हुई थी सृष्टि की रचना

- हिन्दू नववर्ष पर संस्कार भारती समृद्धि ने लगाई मीठे दूध की प्याऊ

एनएनआई




आगरा। संस्कार भारती कलासाधिका समिति समृद्धि द्वारा विक्रम संवत 2081 का स्वागत प्रताप नगर चौराहे पर मीठे दूध की प्याऊ लगाकर किया। संस्कार भारती के नन्द नन्दन गर्ग, राजीव द्विवेदी, समिति की अध्यक्षा अनीता भार्गव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके प्याऊ का शुभारम्भ किया। आरएसएस के संघचालक चौधरी राजन सिंह ने मीठे दूध की प्याऊ का शुभारम्भ करते हुए कहाकि ब्रह्मा जी ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि को ही सृष्टि की रचना प्रारम्भ की थी। भगवान श्री राम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था और सिन्धी समाज के रक्षक भगवान वरुण के अवतार संत झूलेलाल का भी जन्म इसी दिन हुआ था। इस दौरान 125 लीटर मीठे दूध का वितरण किया गया। इस मौके पर नन्द नंदन गर्ग, श्रीमती रेणु गुप्ता, श्रीमती अनीता मित्तल, श्रीमती कुमकुम गर्ग, श्रीमती बीना अग्रवाल, श्रीमती मधु बंसल, श्रीमती मीरा गर्ग, श्रीमती कुसुम गर्ग, श्रीमती मीना अग्रवाल, श्रीमती नीता गर्ग, श्रीमती उर्मिला राजन सिंह, श्रीमती पंकजा राजीव द्विवेदी, हरि मोहन सिंह कोठिया, प्रेमचंद अग्रवाल, ओएस गर्ग, राजीव सिंघल, डॉ. मनोज कुमार पचौरी, नीरज अग्रवाल, अनीता मित्तल आदि उपस्थित रहीं। संस्कार भारती के ध्येय गीत का गायन मनप्रीत कौर, डॉ. वैशाली दिक्षित, सुनीता पाठक और रेनू अग्रवाल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन राधिका भारद्वाज ने किया। संचालन डॉ. श्रीमती अंशु अग्रवाल ने किया।

### नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदान को किया जागरुक

इस अवसर पर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरणा देने के लिए फिल्म थियेटर क्रिएशन ग्रुप के प्रसिद्ध नाट्यकर्मी उमा शंकर मिश्रा और उनकी टीम ने मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

# यमुना बचाने को शहर हो एकजुट

- हिन्दू नववर्ष पर रिवर कनेक्ट ने यमुना मैया की आरती

एनएनआई



आगरा। रिवर कनेक्ट कैंपेन सदस्यों ने हिन्दू नव वर्ष पर यमुना आरती पूजन करके आगामी चुनावों के प्रत्याशियों का ध्यान नदी की दुर्दशा की ओर आकर्षित किया। आरती गोस्वामी नंदन श्रोत्रिय और पंडित जुगल किशोर ने कराई। संयोजक ब्रज खंडेलवाल ने बताया कि राजनैतिक दल यमुना समेत भारत की तमाम नदियों की दुर्दशा के प्रति उदासीन हैं। किसी ने भी समयबद्ध संकल्प नहीं लिया कि यमुना प्रदूषण मुक्त, और शुद्ध जल से लबालब कब तक हो पाएगी। आगरा में यमुना बैराज के प्रति कोई भी दल गंभीर नहीं है। ये स्थिति सुधारने की जरूरत है। उन्होंने यमुना शुद्धिकरण के लिए शहरवासियों से लामबंद होने की अपील की है। इस मौके पर चतुर्भुज तिवारी, शशिकांत उपाध्याय, मीरा गुप्ता, पद्मिनी अय्यर, ऊषा, मथुरेश, हरेंद्र गुप्ता सहित अनेक यमुना भक्त मौजूद रहे।

# दवा विक्रेताओं ने किया झूलेलाल शोभायात्रा का स्वागत

एनएनआई



आगरा। श्री झूलेलाल शोभायात्रा का फव्वारा चौराहा पर सिंधी दवा विक्रेता संघ द्वारा स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल सभी सिंधी पचायतों का माला पहनाकर स्वागत किया और मीठे चावल, चने और मिल्क रोज और पकौड़े का भोग लगाकर वरुण अवतार झूलेलाल की आरती की गई। फार्मा एसोसिएशन के महेश अग्रवाल और विनोद कलवानी ने फीता काटकर भंडारे का शुभारंभ किया। इस मौके पर सुन्दर चेतवानी, पुनीत कालरा, महेश नारायणी, मोंटू करीरा, सुरेश चोइथवानी, किशोर बजाज, महेंद्र आनंदानी, विक्रम हिंदवानी, किशोर गुरनानी, किशोर मेहता, रवि खूबनानी, गौरी सचदेवा, प्रकाश मोटवानी, पुनीत कटार, लोकेश, मोंटी आदि उपस्थित रहे।






## प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने दी ईद की शुभकामनाएं

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने देश और दुनिया भर के मुस्लिमों को ईद की शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उन्होंने गाजा में फलस्तीनियों की दुर्दशा पर भी दुख जताया है। उन्होंने कहा कि गाजा में जारी रक्तपात और पीड़ा असहनीय है। ब्रिटेन संघर्ष को समाप्त करने और बंधकों की रिहाई के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। गौरतलब है कि सात अक्तूबर की सुबह हमास द्वारा करीब 5000 रॉकेट इस्राइली शहरों पर दागे गए थे. जिसके बाद से दोनों पक्षों में युद्ध जारी है। इस्राइल ने इस हमले को आंतकी हमला करार दिया है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कमस खाई है कि वह जब तक हमास को पूर्ण रूप से खत्म नहीं कर देते, तब तक वे युद्ध विराम नहीं करेंगे। सुनक ने एक्स पर एक वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि पूरे ब्रिटेन में मुस्लिम ईद का जश्न मना रहे हैं। देश और दुनिया के सभी मुस्लिमों को ईद की बधाई देते हुए उन्होंने ब्रिटेन के विभिन्न क्षेत्रों में समुदाय के योगदान को याद किया। वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि उपवास के एक महीने बाद मैं आप सभी को ईद की शुभकामनाएं देता हूं। मैं आप लोगों को न सिर्फ त्योहार के लिए बल्कि, विभिन्न क्षेत्रों में किए गए आपके योगदान के लिए भी शुभकामनाएं देता हूं।

## तलाक के बाद पूर्व पति पर क्रूरता का केस नहीं कर सकती महिला: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महिला द्वारा अपने पूर्व पति के खिलाफ तलाक लेने के छह महीने बाद शुरू की गई आईपीसी की धारा 498ए (पति और उसके रिश्तेदारों द्वारा पत्नी के खिलाफ मानसिक क्रूरता) के तहत आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी सर्वव्यापी शक्तियों का इस्तेमाल किया है। महिला की शादी अरुण जैन से नवंबर 1996 में हुई थी और अप्रैल 2001 में उनकी एक बेटी का जन्म हुआ। पति ने अप्रैल 2007 में वैवाहिक घर छोड़ दिया और उसके तुरंत बाद पत्नी ने तलाक की कार्यवाही शुरू की, जिसके बाद अप्रैल 2013 में शादी एकतरफा रद्द कर दी गई। तलाक लेने के छह महीने बाद महिला ने मानसिक क्रूरता का हवाला देते हुए पति और उसके माता-पिता के खिलाफ धारा 498ए के तहत शिकायत दर्ज कराई। महिला की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने फरवरी 2014 में एफआईआर दर्ज की और सितंबर 2015 में चार्जशीट दायर की। इसके बाद शख्स ने आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया।

## अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत, शव मिला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत का मामला सामने आया है। दरअसल बीते महीने लापता हुए भारतीय छात्र मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव मिला है। मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव अमेरिका के क्लीवलैंड से बरामद हुआ है। एक हफ्ते में यह दूसरी घटना है, जब किसी भारतीय छात्र की अमेरिका में मौत हुई है। मोहम्मद अब्दुल अरफात भारत के हैदराबाद के नचारम का निवासी था और वह बीते साल मई में क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी में मास्टर्स की पढ़ाई करने अमेरिका आया था। अरफात के पिता मोहम्मद सलीम ने बताया कि 'अरफात से उनकी आखिरी बार 7 मार्च को बात हुई थी, उसके बाद से परिवार के साथ उसका कोई संपर्क नहीं था। उसका मोबाइल फोन भी बंद था।' अरफात के साथ रह रहे युवक ने अरफात के पिता को बताया था कि उन्होंने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। 19 मार्च को अरफात के परिवार के एक अज्ञात कॉल आया, जिसमें कहा गया कि अरफात का ड्रग्स बेचने वाले गैंग ने अपहरण कर लिया है और उन्होंने उसे छोड़ने के एवज में 1200 अमेरिकी डॉलर की मांग की। अरफात के पिता ने बताया कि 'कॉल करने वाले व्यक्ति ने धमकी दी थी कि अगर फिरौती की रकम नहीं दी गई तो वे अरफात की किडनी बेच देंगे।

# गर्भवती और 4 बच्चों की जिंदा जलकर मौत

**रोहतास।** जिले के कछवा थाना क्षेत्र में आज दोपहर छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल इब्राहिमपुर गांव में आग लगने की वजह से छह लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई। इसमें दो महिलाएं, तीन बच्चियां और एक बच्चा शामिल है। महिलाओं में से एक महिला गर्भवती भी बताई जा रही है।

वहीं एक अन्य बच्ची बुरी तरह से झुलस गई है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। झुलसी बच्ची का इलाज चल रहा है, जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि परिवार के सभी लोग दोपहर में खाना खाने के बाद घर में सो रहे थे। घटना के बारे में बताया जाता है कि (मंगलवार) दोपहर सासाराम के कछवा ओपी के इब्राहिमपुर में एक टीन वाले करकट के मकान में एक परिवार के 6 लोग खाना खाकर सो रहे थे। इसी दौरान बगल में लगे ट्रांसफार्मर से एक चिंगारी निकली। चिंगारी की वजह से मकान में आग लग गई और देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। कोई कुछ समझ पाता तब तक आग ने भयानक रूप धारण कर लिया। वहीं आग फैलता देख आस-पास के लोग आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद आग पर काबू नहीं पाया जा सका।



आग लगने की इस घटना में देव चौधरी की पत्नी पुष्पा देवी, उसकी तीन पुत्रियां और एक पुत्र की मौत हो गई। वहीं पुष्पा देवी की ननद माया देवी की भी आग में झुलसने से मौत हो गई। माया देवी गर्भवती बताई जा रही थी। वहीं देव चौधरी की एक छोटी पुत्री मोती कुमारी भी आग लगने की वजह से बूरी तरह से झुलस गई है। उसे झुलसी हुई हालत में सासाराम के सदर अस्पताल में लाया गया है। मौके पर प्रशासन की टीम भी पहुंच गई हैं तथा राहत कार्य शुरू कर दिया गया है। सदर अस्पताल के चिकित्सक ने बताया कि एक बच्ची का इलाज चल रहा है। उसकी स्थिति भी नाजुक है।

## पत्नी के रील बनाने से परेशान पति ने दी जान

**अलवर (राजस्थान)।** अलवर में पत्नी के रील्स बनाने से दुखी एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पत्नी द्वारा आये दिन वीडियो बनाने और उसपर आने वाले भद्दे कमेंट्स के कारण युवक आहत था। पुलिस के अनुसार स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एक युवक सिद्धार्थ ने 6 अप्रैल को अलवर के रैणी थाना क्षेत्र के गांव नांगलबास में फांसी लगा ली थी जिसका पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया था। वहीं, सोशल मीडिया पर युवक का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसकी जांच की जा रही है। पत्नी के सोशल मीडिया रील्स बनाने से परेशान सिद्धार्थ ने अपनी मौत का जिम्मेदार पत्नी और उसके एक साथी को बताया है। मृतक का 6 अप्रैल को देर रात सोशल मीडिया का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें उसने वह पत्नी की रील्स पर अश्लील कमेंट्स को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुआ कह रहा है, "तुम्हारे घर में होगा तब मालूम चलेगा। अच्छे आदमी कभी भी ऐसे कमेंट नहीं करते।" वहीं, पुलिस का कहना है कि यह वीडियो पुराना है। सिद्धार्थ इंस्टाग्राम और फेसबुक पर पत्नी माया के फएएछ बनाने के कारण परेशान था। माया की रील्स पर अक्सर अश्लील कमेंट आते थे जिससे सिद्धार्थ आहत था। पत्नी की रील्स पर लोग अश्लील कमेंट करके उसे चिढ़ाते थे।

## अफगानिस्तानः तालिबान शासन में शिक्षा-रोजगार को तरस रही महिलाएं

**काबुल।** अफगानिस्तान के तालिबान शासन में महिलाओं की स्थिति पर वैश्विक स्तर पर काफी चिंताएं जताई जा रही हैं। इस बीच विश्व बैंक ने एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया गया कि आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी के मामले में अफगानिस्तान दुनिया के 178वें स्थान पर आता है। रिपोर्ट में कुल 190 देशों को शामिल किया गया था। महिलाएं, व्यवसाय और कानून- 2024 के शीर्षक वाली विश्व बैंक की रिपोर्ट तीन प्रमुख मानदंडो पर केंद्रित है, जिसमें कानूनी ढांचे, नीति निर्माण और कानूनों और नीतियों के कार्यान्वयन में महिलाओं की स्थिति पर जोर दिया गया है। रिपोर्ट में महिलाओं की स्थिति का आंकलन कार्यस्थल गतिशीलता, वेतन, स्वामित्व अधिकार, मातृत्व अधिकार, उद्यमिता, निवेश, बाल देखभाल, सुरक्षा, विवाह और सेवानिवृत्ति अधिकार जैसे कई बुनियादी सुविधाओं के आधार पर की गई थी। खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान को कानूनी ढांचे के लिए 100 में से 20 अंक और नीति निर्माण के लिए 100 में से 13.3 अंक मिले हैं। सूची में बेल्जियम, डेनमार्क और कनाडा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, विश्व बैंक की रिपोर्ट चिंता पैदा करती है क्योंकि अफगानिस्तान में महिलाओं को वर्तमान में कई दमनकारी नीतियों का सामना करना पड़ा रहा है।



अफगानिस्तान में महिलाओं को करीब 90 प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें रोजगार, शिक्षा और मुक्त आंदोलन आदि शामिल हैं। हस्तशिल्प की दुकान चलाने वाली सेदिका तुफान का कहना है कि हस्तशिल्प कायार्शालाओं में नौकरियों की मांग में वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण महिलाओं का रोजगार और शिक्षा से वंचित होना है। लड़कियों को पढ़ने से रोकने, महिला अधिकारों के दमन और उन्हें सार्वजनिक जीवन से दूर कर देने की खबरों के बीच पिछले साल तालिबान ने दावा किया था कि उसके राज में महिलाओं की बेहतरी के लिए हरसंभव कदम उठाए गए हैं ताकि वह एक समृद्ध और सुकून भरा जीवन जी सकें।

### रिहाई को लेकर अमेरिका ने दबाव बनाया तो हमास की खुली पोल

# अब जिंदा नहीं 40 बंधक

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र अमेरिका की केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) ने गाजा में 40 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए इस्राइल और हमास के बीच समझौते को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था। इस प्रस्ताव के दो दिन बाद ही हमास ने बताया कि जिन 40 बंधकों की रिहाई की बात की जा रही है, वे अब जिंदा नहीं है। हमास ने मध्यस्थों से यह भी बताया कि उनके पास काफी कम बंधक हैं। हालांकि, उनकी तरफ से बंधकों की संख्या अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। हमास ने बताया कि बंधकों में जिंदा नहीं रहने वालों में महिलाएं, बच्चे और बीमार शामिल हैं। अमेरिका पिछले छह सप्ताह से बंधकों की रिहाई के लिए हमास के साथ समझौते का प्रस्ताव रख रहा था। इस बीच सीआईए निदेशक बिल बर्न्स ने रविवार को काहिरा में इस्राइल के मोसाद के प्रमुख, कतर के प्रधानमंत्री और मिस्र के जासूस प्रमुख से मुलाकात की थी। इस दौरान हमास प्रतिनिधिमंडल भी कहिरा में मौजूद था, उसने मिस्र और कतर के मध्यस्थों से अलग-अलग बैठक की। उसने बताया कि इस प्रस्ताव में कम से कम 700 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई भी शामिल होगी, जिनमे से 100 से अधिक कैदी इस्राइलियों की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।



### हमास ने खारिज किया प्रस्ताव

हमास के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि ग्रुप (हमास) ने काहिरा में हुए बैठक में इस्राइली युद्धविराम प्रस्ताव को खारिज कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हमास ने मंगलवार को कहा कि मध्यस्थ के तौर पर कतार और मिस्र से प्राप्त इस्राइल का प्रस्ताव फलस्तीन के किसी भी मांग को पूरा नहीं कर रहा है। हमास ने आगे कहा कि इस प्रस्ताव पर दोबारा विचार किया जाएगा और मध्यस्थ को इसके बारे में बताएगा। पिछले साल सात अक्तूबर को हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर हवाई हमले किए। हमास ने इस दौरान 250 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया था, जिसमें से 133 बंधक अभी भी हमास के पास है। इस हवाई हमले का जवाबी कार्रवाई करते हुए इस्राइल गाजा में लगातार हमले कर रहा है। अबतक गाजा में 33,000 से भी अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

## आयरलैंड के नए प्रधानमंत्री चुने गए साइमन हैरिस

**आयरलैंड।** आयरलैंड ने नया प्रधानमंत्री चुन लिया है। देश की सत्तारूढ़ फाइन गेल पार्टी ने साइमन हैरिस को नया प्रधानमंत्री चुना है। सांसद साइमन हैरिस मंगलवार को संसद में मतदान के जरिए आयरलैंड के नए प्रधानमंत्री चुने गए। वह 37 साल की उम्र में देश के प्रधानमंत्री बनने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं। महज 37 साल की उम्र में अयरलैंड का पीएम बन हैरिस ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। हैरिस ने आयरलैंड की तीन दलों की गठबंधन सरकार के प्रमुख के रूप में लियो वराडकर की जगह ली है। वराडकर ने पिछले महीने चौंकाते हुए अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की थी। वराडकर की सरकार में साइमन हैरिस उच्च शिक्षा मंत्री के रूप में कार्यरत थे। हैरिस मध्य-दक्षिणपंथी फाइन गेल पार्टी के प्रमुख के रूप में उनकी जगह लेने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे।

# आइए, बेटी बचाएं, बेटी पढ़ाएं

**या देवी सर्व भूतेशु शक्ति रूपेण संस्थिता: नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नम:।**



**रणचंडी** मां दुर्गा का रूप मां शांभवी के अंश नारी शक्ति की अर्चना करने के दिवस महज ये नौ नहीं बल्कि प्रत्येक दिन हमें नवदुर्गा पूजन की भांति मातृशक्ति ,नारी शक्ति की अर्चना उपासना कर इस शक्ति स्त्रोत का महिमा मंडन करना चाहिए ।

जैसे परम शक्तिपुंज राधा रानी के बिना देवकीनंदन श्री कृष्णा शक्ति विहीन समझे जाते हैं वैसे ही हम सभी मां ,बहन ,नारी शक्ति के बिना नगण्य हैं ,शून्य हैं। ऐसी प्रतिपल वंदनीय मातृ शक्ति को नमन करने का उत्सव मनाने के लिए नव दुर्गा पूजन के दिन है एवं इसी पूजन से इसी अर्चना से आज राष्ट्र में बेटी बचाओ, बेटी बढ़ाओ ,बेटी पढ़ाओ का संदेश गुंजायमान है ।

यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवता।। परम प्रतापी, परम चक्रवर्ती मयार्दा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र भगवान ने जब अश्वमेध यज्ञ किया तब सीता माता उनके साथ नहीं थी ।उनकी अनुपस्थिति में यज्ञ संभव न था ।जब मां सीता की मूर्ति बना कर रखी गई तब यज्ञ संपन्न हुआ। तो यह है स्थान हमारे भारतीय सनातन समाज में जो नारी को प्राप्त है अति वंदनीय, अति आदरणीय , अति अनुकरणीय।

आज के भारत वर्ष में नारी कानूनी रूप से शक्तिशाली हो चुकी है सामर्थ्य वान हो चुकी है ।सरकार घर-घर, गली-गली जाकर के इन कानूनों को राष्ट्र की लगभग आधी आबादी को समझा रही है, पढ़ा रही है, बुझा रही है ,समर्पित कर रही है ।ऐसा ही कुछ हम सभी इस शक्ति उपासना के पर्व पर संकल्प लें तभी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मूर्त रूप में स्थापित हो सकेगा।

आज शक्ति पूजन, दुर्गा पूजन, सरस्वती पूजन, लक्ष्मी पूजन,नारी पूजन के अद्भुत, विराट ,अनंत अथाह आस्था के उत्सव पर हम ममता, वात्सल्यता , प्रगाढ़ प्रेम की मूरत मां, नारी, भार्या, स्त्री के महिमा मंडल का उत्सव बना रहे हैं ।ऐसे अवसर पर अपनी कलम की स्याही की चंद बूंदों से शब्दों का सृजन करता हुआ मैं स्वयं को अनुग्रहित महसूस करता हूं,सौभाग्य शाली समझता हूं और मां के श्री चरणों में नमन करता हूं ।

मेरे लिए आज कुछ भी लिखना मंदिर में पूजा करने के तुल्य है क्योंकि आज मेरे एवम हम सभी के लिए लिए नव दुर्गा पूजा पर्व पूजनीय है, वंदनीय है।

ॐ असतो मा सदगमय ।तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योमार्मृतम गमय।।

जिस प्रकार से अग्नि के प्रज्वलन से अंधकार मिट जाता है, ऐसे ही हम सभी स्व में इस अग्नि को प्रज्वलित कर ज्ञान के दीप को जलाएं जिससे कि हम अपनी अज्ञानता ,अपने अहम को तिलांजलि दें एवं सद मनुष्य बने और सामाजिक यज्ञ की वेदी पर व्रत लें बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ का ।

आज नारी हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर ही नहीं, वरन कई क्षेत्र में चंद कदम आगे निकल चुकी है। चिकित्सा, राष्ट्र निर्माण, राजनीति ,वकालत, शिक्षा, परमाणु ऊर्जा , रण क्षेत्र ,मिसाइल, खेल, लड़ाकू विमान, अंतरिक्ष जो कुछ भी सोचा जाए वहां महिला शक्ति के सशक्त हस्ताक्षर दिखाई देते हैं। अतिशयोक्ति न होगी महिला शक्ति के लिए ये कहना कि हम तो दरिया हैं, अपना हुनर खुद जानते हैं

जहां भी बिदकेंगे रास्ते खुद ब खुद बना डालेंगे ।

महारानी लक्ष्मीबाई से लोकर कल्पना चावला तक ,सरोजिनी नायडू से लेकर पीवी सिंधु तक, बिछेंद्री पाल से लेकर दीपा मालिक तक का सफर महिला शक्ति ने अपने दम खम पर तय किया है।

ऐसे ही तमाम महिलाओं को आज के दिवस पर दंडवत प्रणाम करने का हम संकल्प लें तभी प्रत्येक घर में जब किसी लक्ष्मी रूप की किलकारी गूंजेगी और उस घर का जब कोना कोना, जर्रा जर्रा चहक उठेगा ,महक उठेगा तभी सार्थक होगा बेटी बचाओ ,बेटी बढ़ाओ ,बेटी पढ़ाओ का अभियान।

पिछले कई वर्षों से सरकारी, सामाजिक ,चिकित्सकीय अथक प्रयासों के बावजूद भी जो लिंगानुपात है वह उस स्तर तक नहीं आ पा रहा है जिसमें कि हम सभी की चिंता दूर हो सके और इसी कारण बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान और भी ज्यादा सार्थक हो जाता है। हम सभी को मिलकर कुछ ऐसे प्रयास करने होंगे जिससे कि समाज में एक जागृति जो धीरे-धीरे आ रही है वह बहुत गति के साथ आए और सुदृढ़ रूप से यह मशाल हर घर में प्रज्वलित हो ।एक चिकित्सक होने के नाते मैं सामान लिंगानुपात ना होने की वजह से कितनी सामाजिक समस्याएं आ रही हैं इससे मैं अवगत हूं और इसका कारण जो चिकित्सा के लिए वरदान है अल्ट्रासाउंड उसको कई बार दोषी ठहराया जाता है, तो हृदय पीड़ा से भर जाता है !कारण सामाजिक चेतना का अभाव एवं सामाजिक शिक्षा का स्तर है। हमारे एक चिकित्सक मित्र डा नंदन सिंह ने तो यहां तक प्रयास किया कि जब वह ग्रामीण क्षेत्रों में पोस्टेड रहे तो जो भी सरकारी अस्पताल में कोई बच्ची पैदा होती थी उसका अकाउंट खुला करके उसमें कुछ धनराशि अपनी तरफ से देते थे। ऐसी चेतना की आवश्यकता है क्योंकि आज के इस भौतिकवादी युग में चेतना निःसंदेहअर्थ से पोषित होती है। यदि बैनामे लड़कियों एवम महिलाओं के नाम से अनिवार्य होने लगे तो निश्चित तौर पर एक विशेष आदर ,विशेष सत्कार का दर्जा प्राप्त कर लेगी महिला शक्ति। ऐसे ही प्रयासों की आवश्यकता है आज।

वक्त बड़ा ही बलशाली होता है, वक्त की महिमा अपरंपार है ।

हम सभी जानते हैं की समय और ज्वार किसी का इंतजार नहीं करता। और इसी समय पर हावी होकर, स्वयं की शक्ति का लोहा मनवाते हुए जब कोई नारी प्रयास करती है तो चाहे रानी मां गाईदिलन्यु हो या रानी दुर्गावती वो राष्ट्र को आजाद करा ले जाती है। और ऐसे ही अटूट विश्वास, अदम्य साहस का जब परिचय देती है तो आदरणीय मुर्मू जैसी महिला राष्ट्रपति घोषित होती है । ये इन जैसी सहस्त्रों नारियों की अनंत उपासना की वजह से ही आज भारतवर्ष का संसद नारियों को सलाम करता है और भारतीय संसद में इन लोगों के लिए ३३ प्रतिशत सीट आरक्षित करता है ।

महिला शक्ति ने आज के भौतिकवादी युग में स्व निर्माण से लेकर राष्ट्र निर्माण तक, समय की भूमिका को समझा और स्वयं को राष्ट्र निर्माण की यज्ञ की वेदी पर झोंक दिया, तब कहीं जाकर के यह स्थान नारी को मिला । ऐसी




जीवटता,ऐसी प्रतिबद्धता की उपासना का पर्व है ये ।

अनंत ऊर्जा पुंज मां दुर्गा के विशेष ऊर्जा से सभी देव ,यक्ष ,गंधर्व ,मनुष्य एवम संपूर्ण सृष्टि का निर्माण हुआ।

एक सत्य यह भी है की ऐसी परम शक्तिशाली मातृत्व शक्ति को आज के दौर में इस अर्थात विकृत पुरुष प्रधान मानसिकता वाले समाज ने कई सर्पदंशों से पीड़ित, किया है ।हिंसा, बलात्कार, दहेज छेड़खानी ,तेजाब जैसे कांटे हैं जिसने मां के आंचल को छिद्र छिद्र कर दिया है और स्मरण हो आती हैं वो पंक्तियां जिनको लिखने में भी आज आत्मा रुदन कर रही है

अबला जीवन हाय रे तेरी यही कहानी, आंचल में है दूध और आंखों में है पानी।।आज हर व्यक्ति से इस लेख के माध्यम से आग्रह करता हूं की प्रतिज्ञा लें ले की अबला को एक बार फिर शक्तिपुंज की उपाधि दिलवाएंगे, समर्थशाली बनाएंगे , लड़ाका बनाएंगे। अपनी बहू बेटी भार्या बहन मां को आत्म सुरक्षा के साधनों से परिपूर्ण कर ताकतवर बनाएंगे। जिससे हम यह कह सके कि

साबला जीवन वाह वाह तेरी यही कहानी , हर कुत्सित आंख को तू फोड़ सके, ऐसी शक्ति हो तेरी निशानी ।।

तभी सही रूप में इन नवदुर्गा उपासना के व्रत पूर्ण होंगे और बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ का नारा महज नारा ना होकर ,हमारी धमनियों की हरारत बन सकेगा।

हिंदू नव वर्ष की अनेक शुभ कामनाओं के साथ मां दुर्गा सभी की रक्षा करें।



डा पंकज नगायच
सचिव आईएमए आगरा।
सहसंयोजक ब्रज क्षेत्र चिकित्सा प्रकोष्ठ, बीजेपी।
(यह लेखक के निजी विचार है)

## संपादकीय

# दलबदलुओं के भरोसे मोदी की भाजपा!

भारतीय जनता पार्टी दलबदलुओं की हो गई है। नरेंद्र मोदी-अमित शाह ने भाजपा को बदल दिया है ।पार्टी के अब तक चार सौ से अधिक उम्मीदवार घोषित हुए है ।इनमें से सौ भी असली भगवा उम्मीदवार नहीं हैं। अधिकांश दलबदलू और संघ परिवार को अलग नजरिए से देखने की बैकग्राउंड वाले हैं। संघ-भाजपा में सालों जो लोग कर्मठ क्षेत्रीय-जिला पदाधिकारी हैं वे लगभग आउट हैं। भाजपा के घोषित चार सौ से अधिक उम्मीदवारों की सीटों के मौजूदा 291 सांसदों में से 101 भाजपाइयों के टिकट कटे हैं। सवाल है नए चेहरे कैसे हैं? ये चेहरे कौन हैं? भाजपा की जमीनी राजनीति, संगठन में मेहनत करके उभरे हुए नेता तो कतई नहीं! भाजपा नाम के संगठन में उम्मीदवार चयन में संगठन का रोल लगभग जीरो है। जिले से पैनल, प्रदेश से पैनल, संघ पदाधिकारियों की छंटनी और संगठन मंत्रियों जैसे राष्ट्रीय स्तर पर बीएल संतोष आदि का सन 2024 के लोकसभा उम्मीदवारों के चयन में लगभग दिखावे का रोल है। दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठकों की चर्चा व खबर खूब उड़ी लेकिन असलियत में लिस्ट मोदी-शाह की सर्वेक्षण टीमों की फीडबैक व अमित शाह के यहां बनी है। सभी नरेंद्र मोदी-अमित शाह द्वारा चयनित हैं। जैसे गुजरात में चौदह नए चेहरों को टिकट मिला है। ये नरेंद्र मोदी द्वारा निजी तौर पर चुने गए ।नरेंद्र मोदी जब मुख्यमंत्री बने थे, उस समय, और उसके बाद की दो पीढ़ी के संगठन के लोग गुजरात में अब आउट हैं। मोदी-शाह की कमान में गुजरात अब उस नई पीढ़ी के भाजपाइयों की हो गई है, जिसका संगठन, आंदोलन, विचारधारा से वैसा नाता नहीं है, जैसा मोदी-शाह का प्रारंभ में हुआ करता था। अधिकांश नए मोदी द्वारा सेलेक्टेड हैं। जिनके नाम मोदी के यहां से गए वे अपने आप लिस्ट में शामिल। फिर अमित शाह की अपनी सूचियों से उनकी पसन्द के नाम हैं। भाजपा लिस्ट में केरल से ले कर हिमाचल तक पारिवारिक विरासत के चेहरे दिखलाई देंगे या फिर दलबदलू या संघ परिवार से दूर-दूर तक नाता नहीं रखने वाले निराकार चेहरे। मतलब जो कार्यकर्ता या नेता तीस-चालीस साल से संघ संगठन-भाजपा संगठन में उम्मीदवार बनने के लिए इंतजार करते हुए थे, उनकी जिला पैनल देखी ही नहीं गई। जहां आसान जीत वहां नरेंद्र मोदी ने पुराने चेहरों को काट अनाम से नए चेहरे खड़े किए और जहां मुकाबले का माहौल वहां तमाम तरह के दलबदलुओं को टिकट मिला है। बिहार जैसे कांटे के मुकाबले वाले राज्यों में इस चिंता में सीटिंग सांसदों को रिपीट किया गया क्योंकि नयों के जीतने की गारंटी नहीं। न कंगना रनौत को मेहनत करनी है और न नवीन जिंदल को। मोदी अपने आप जिता देंगे। उम्मीदवार को बस उनकी सभा के लिए भीड़ भर पहुंचानी है। भाजपा इस बार पूर्व कांग्रेसी नेताओं के सहारे हरियाणा का चुनाव लड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तमाम लहर के बावजूद भाजपा ने अपने नेताओं की बजाय कांग्रेस से आयातित नेताओं पर भरोसा दिखाया। जब उम्मीदवारों की घोषणा हुई तो 10 में से सात सीटों पर ऐसे उम्मीदवार उतारे, जो पहले कांग्रेस में या दूसरी पार्टी में थे। चर्चा है कि भाजपा की मुट्ठी से बिहार, झारखंड, पंजाब, महाराष्ट्र, कर्नाटक और बंगाल फिसला दिख रहा है। सो, खटका है इन छह राज्यों की 165 सीटों में मोदी-शाह की जोड़-तोड़ कही फेल न हो जाए। दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छतीसगढ़, गुजरात आदि में केजरीवाल-कांग्रेस-इंडिया की हवा नही है। इन राज्यों में भाजपा की एकतरफा आंधी है लेकिन बाकी राज्यों में नरेंद्र मोदी व मोदी सरकार के खिलाफ वैसा ही हल्ला है, जैसा पिछले सप्ताह दुनिया में बना है। केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश (हालांकि तेलुगू देशम से एलायंस में भाजपा एक-दो सीटें जीत सकती है) तेलंगाना, ओडिशा में नरेंद्र मोदी कितनी ही मेहनत करें इन राज्यों से हिंदी भाषी राज्यों में एक-एक, दो-दो सीटों के भाजपाई नुकसान की भरपाई नहीं होनी है।

जानकारों का यह मानना गलत नहीं है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी का दिल्ली, हरियाणा, गोवा में असर होगा। दरअसल केजरीवाल की गिरफ्तारी व रामलीला मैदान में विपक्ष की साझा रैली का मुख्य जमीनी असर यह है कि विरोधी पार्टियों का काडर एक-दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर वोट पड़वाएगा। मतलब दिल्ली में आप और कांग्रेस दोनों के कार्यकर्ता अब एक-दूसरे से खींचे नहीं रहेंगे,बल्कि चुनाव जीतने की साझा सोच व मेहनत लिए हुए हैं ।गौर करें नरेंद्र मोदी और अमित शाह जनसभाओं में केजरीवाल पर बोलने से बच रहे हैं। इनकी वह आक्रामकता खत्म है जो दस दिन पहले थी। पिछले दस दिनों के घटनाक्रम ने केजरीवाल, ह्यइंडियाह्न को घर-घर पहुंचाया है वही भाजपा के नैरेटिव का सार यह हल्ला है कि देखो, हमारे यहां कितने दलबदलू आ रहे हैं। इसलिए देखना दिलचस्प होगा कि दलबदलुओं से महाराष्ट्र, बंगाल, बिहार, कर्नाटक, हरियाणा, पंजाब ( अमरिंदर सिंह और उनकी पत्नी ) में भाजपा कितनी जीतती है!



## फरदीन खान अपने कमबैक को लेकर हुए भावुक, बोले- 'हीरामंडी' के लिए मैं शुक्रगुजार हूं

अभिनेता फरदीन खान लगभग 14 साल बाद वेब सीरीज 'हीरामंडी' से वापसी कर रहे हैं। संजय लीला भंसाली के इस भव्य सीरीज में फरदीन खान अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। हाल ही में फरदीन खान के फर्स्ट लुक के पोस्टर को रिलीज किया गया जिसे देखकर उनके फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। मंगलवार को मुंबई में हुए हीरामंडी के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में, अभिनेता अपनी वापसी के बारे में खुलकर बातें करते दिखाई दिए। फरदीन खान 'हीरामंडी' को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। सीरीज के ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर मीडिया से बातें करते हुए फरदीन बोले, 'मैं संजय लीला भंसाली का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे इस सीरीज में कास्ट किया। मुझे 14 साल लगे कमबैक करने के लिए। मैं बता नहीं सकता हूं कि मैं कितना आभारी हूं जो मुझे इतने बेहतरीन स्टारकास्ट के साथ काम करने का मौका मिला है।' फरदीन खान अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, 'मेरे कमबैक के लिए 'हीरामंडी' से बेहतर कुछ हो ही नहीं सकता था। मैं नेटफ्लिक्स जैसे मंच से वापसी कर रहा हूं यह बहुत बड़ी बात है। संजय लीला भंसाली के साथ काम करना हर कलाकार का सपना होता है और मुझे नहीं लगता है कि मेरी वापसी के लिए इससे बेहतर अवसर कुछ और हो सकता है।' फरदीन खान 'हीरामंडी' में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला और शेखर सुमन जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ दिखाई देने वाले हैं। फरदीन कहते हैं, 'मैं उम्र के जिस पड़ाव पर हूं वहां मेरे लिए वली मोहम्मद का किरदार एकदम उपयुक्त है। यह किरदार बेहद पेचीदा और जटिल है। मुझे लगता है संजय लीला भंसाली अपने किरदारों को जिस बारीकी और खूबसूरती से लिखते हैं वैसे कोई और नहीं लिख सकता है। मैं अपने किरदार को लेकर काफी उत्साहित और संतुष्ट हूं।'



## अंकिता लोखंडे ने 'राम लीला' में दीपिका के रोल के लिए दिया था ऑडिशन

फिल्ममेकर संदीप सिंह ने अंकिता लोखंडे के साथ अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'आम्रपाली' की घोषणा की है। उन्होंने अंकिता को लेकर संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गोलियों की रासलीलाः राम लीला' को लेकर एक मजेदार खुलासा किया जिसमें रणवीर सिंह के साथ दीपिका पादुकोण लीड रोल में नजर आई थीं। संदीप सिंह ने इसी फिल्म के लिए अंकिता के ऑडिशन को लेकर एक दिलचस्प किस्सा सुनाया है। उन्होंने बताया कि जब संजय लीला भंसाली ये फिल्म बना रहे थे तो उन्होंने ऑडिशन के समय भंसाली प्रोडक्शंस के सीईओ के तौर पर काम किया था। उन्होंने अंकिता के ऑडिशन का किस्सा सुनाया और कहा कि उनका ये ऑडिशन अच्छा रहा था। न्होंने बताया कि ऐसा नहीं था कि 'रामलीला' के ऑडिशन में वो सफल नहीं रहीं, उन्होंने अपने ऑडिशन से सबका दिल जीत लिया था लेकिन सच ये है कि भंसाली तब 'ब्लैक', 'सांवरिया' और 'गुजारिश' जैसी फिल्में बना चुके थे और अपनी इस फिल्म के लिए वो एक स्टार चाहते थे। उन्होंने बताया कि उस वक्त फिल्म का बजट बहुत ज्यादा था।



# अनन्या पांडे के प्यार को लग गई किसी की बुरी नजर?

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे खूबसूरत एक्ट्रेसेज की लिस्ट में शामिल हैं। एक्ट्रेस अपनी फिल्मों और एक्टिंग से खासा कमाल तो नहीं कर सकीं, लेकिन अपनी लव लाइफ को लेकर वो अक्सर चर्चा में बनी रहती हैं। वो इन दिनों आदित्य रॉय कपूर को डेट कर रही हैं और दोनों को एक साथ अक्सर स्पॉट किया जाता है। दोनों इवेंट्स में भी साथ ही पहुंचते हैं और लेट नाइट आउटिंग भी एक साथ करते हैं। लेकिन अब हाल ही में अनन्या पांडे ने एक ऐसा पोस्ट शेयर किया है, जिसकी वजह से अब उनके और आदित्य रॉय कपूर की ब्रेकअप की खबरें सामने आ रही हैं। जानिए आखिर एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में ऐसा क्या लिखा है। अनन्या पांडे ने अपने हाथ से लिखे हुए पोस्ट में लिखा है, 'अगर वो आपके लिए होगा तो आपके पास जरूर वापस आएगा। उसने सिर्फ इसलिए छोड़ा है ताकि आपको सबक सिखा सके, जो आप सिर्फ खुद सीख सकते हैं। अगर वो सच में आपके लिए बना है तो वो लौट कर आएगा तब भी जब आप उसे खुद से दूर धकेल रहे हो, तब भी जब आप डिनायल में हो, तब भी जब आप अज्यूम कर रहे हो कि कुछ इतना खूबसूरत आपका नहीं हो सकता। क्योंकि अगर ये आपका है, कभी भी आपका हिस्सा नहीं रहा है। ये कभी भी आपकी आत्मा से नहीं जुड़ा हुआ था।' अब अनन्या के इस पोस्ट को देखकर फैंस ये कयास लगा रहे हैं कि एक्ट्रेस और आदित्य रॉय कपूर अब अपनी राहें अलग कर चुके हैं। इन दोनों का रिश्ता टूट चुका है। हालांकि अब सच क्या है फलहाल इसपर से अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर ही पर्दा उठा सकते हैं।




## जलवा कलेंडर 2024-25 हुई शानदार लांचिंग

**आगरा एनएनआई।** भारत देश प्रतिभाओं का देश है जहां एक से बढ़कर एक प्रतिभाओं ने जन्म लिया है। वहीं जलवा ग्रुप व सन ग्राफिक्स द्वारा जलवा कलेंडर 2024-25 लांच किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिवराम सिंघल (निदेशक सन ग्राफिक्स), ऋतु गर्ग (समाज सेवी), आनन्द (निदेशक हाईड आउट), डॉ रोली सिन्हा व राहुल सत्संगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राप्ति माहेश्वरी व सचिन शुभ शर्मा, कपिल सिंघल ने गणेश माल्यार्पण किया। सुमित शर्मा, सीमा आनंद, जितेश कुशवाह, अभिषेक गर्ग, सचिन शुभ शर्मा, हर्षिता दुबे, रूबी




खान, खुशी सिंह, राज गुप्ता ने कलेंडर ओपन कर ब्लास्टिंग के साथ लांच किया। इस कलेंडर में चंडीगढ़, जयपुर, नोएडा, आगरा, अजमेर, पटना, ग्वालियर, इंदौर, विभानी, जमशेदपुर आदि शहरों के मॉडल्स व किड्स के कलेक्शन हैं। कपिल सिंघल का कहना था कि जलवा कलेंडर में किड्स के बेहतर आउटलेट देखने को मिलेंगे। सचिन शुभ शर्मा ने बताया कि जलवा टाइम्स को देखते हुए सभी मॉडल्स के शूट तैयार किये गए है , जिनके कलेक्शन शो व आउटडोर शूट इस कलेंडर में दर्शाए गए हैं। कार्यक्रम में सचिन पचौरी, चेतन बंसल, दीपेश कुमार, दीपक कुमार, अंजली सिंह खिरवार, निशा चौहान, विकेश माहेश्वरी उपस्थित रहे।

# सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को दो रन से हराया

• आखिरी ओवर में बनें 26 रन, शंशाक-आशुतोष की कोशिश गई बेकार





**चंडीगढ़।** शशांक सिंह के 25 गेंदों पर छह चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 46 रन और आशुतोष शर्मा के 15 गेंदों पर तीन चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 33 रन के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को रोमांचक मुकाबले में दो रन से मात दी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला अंतिम ओवर में बेहद रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया था। पंजाब को जीत के लिए अंतिम छह गेंद पर 29 रनों की जरूरत थी, लेकिन टीम 27 रन ही बना सकी। शशांक और आशुतोष की आतिशी पारी के बावजूद पंजाब छह विकेट पर 180 रन ही बना सका। हैदराबाद के लिए तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट झटके। इससे पहले, हैदराबाद ने नीतीश रेड्डी के 37 गेंदों पर चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 64 रनों की पारी के दम पर 20 ओवर में नौ विकेट पर 182 रन बनाए थे। पंजाब के लिए तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने चार विकेट लिए, जबकि सैम करन और हर्षल पटेल को दो-दो विकेट मिले। यह आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की सबसे कम अंतर से जीत है। इससे पहले उसने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 2022 में तीन रन जीत दर्ज की थी। इस जीत के बाद हैदराबाद की टीम पांच मैचों में तीन जीत और दो हार के बाद छह अंक लेकर पांचवें स्थान पर है, जबकि पंजाब किंग्स की पांच मैचों में यह तीसरी हार है और वह तालिका में छठे स्थान पर है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरूआत भी बेहद खराब रही। हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को आउट कर पंजाब को पहला झटका दिया। इसके बाद भुवनेश्वर कुमार ने इंपैक्ट प्लेयर के रूप में बल्लेबाजी के लिए उतरे प्रभसिमरन सिंह को चार रन के स्कोर पर आउट कर पंजाब को झटका दिया। भुवनेश्वर ने फिर धवन को स्टंप्स आउट कराकर पंजाब की पारी लड़खड़ा दी। यह आठवीं बार था जब धवन आईपीएल में स्टंप्स आउट हुए। इस टूर्नामेंट में यह सर्वाधिक है। धवन ने इस मामले में सुरेश रैना और रॉबिन उथप्पा की बराबरी कर ली। गिरते विकेटों के बीच एक बार फिर शशांक और आशुतोष ने आतिशी पारी खेलकर पंजाब को जीत दिलाने की कोशिश की। इस दौरान आशुतोष को तीन बार जीवनदान भी मिला। अंतिम ओवर में तेजी से रन बनाने के चक्कर में आशुतोष ने लगातार बड़े शॉट खेले और तीन बार उनका कैच बाउंड्री पर खड़े फील्डर ने छोड़ा। शशांक ने लगातार दूसरे मैच में टीम को जीत दिलाने के लिए पूरी जान लगाई, लेकिन इस बार वह असफल रहे। हालांकि उनकी कोशिश के लिए उन्हें पूरे नंबर मिलेंगे। इससे पहले, पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों ने उनके फैसले को सही साबित करने में ज्यादा देर नहीं लगाई।

## पावरप्ले में रन बनाने के लिए जूझता दिखा पंजाब

हैदराबाद के गेंदबाजों ने पंजाब पर ऐसा दबाव बनाया कि पंजाब की टीम पावरप्ले के दौरान रन बनाने के लिए जूझती दिखी। पंजाब ने पावरप्ले खत्म होने के बाद तीन विकेट पर 27 रन बनाए थे जो इस आईपीएल में किसी टीम का पावरप्ले का सबसे कम स्कोर है। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली के खिलाफ दो विकेट पर 31 रन बनाए थे जो इस सीजन पावरप्ले का सबसे न्यूनतम स्कोर था।

## आखिरी ओवर का रोमांच

पंजाब किंग्स को जीत के लिए छह गेंदों पर 29 रन बनाने थे और क्रीज पर शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा मौजूद थे। आखिरी ओवर डालने जयदेव उनादकट आए। आशुतोष ने पहली गेंद पर छक्का मारा, लेकिन उनादकट ने अगली दो गेंद वाइड फेंकी। अब पंजाब को पांच गेंदों पर 21 रन की जरूरत थी। आशुतोष ने दूसरी गेंद पर शानदार छक्का जड़ा जिससे पंजाब को चार गेंद पर 15 रन बनाने थे। आशुतोष ने तीसरी गेंद पर दो रन निकाले। चौथी गेंद पर भी आशुतोष ने दो रन चुराए। अब पंजाब को दो गेंदों पर 11 रन बनाने थे। उनादकट ने फिर वाइड बॉल फेंकी। यह इस ओवर की तीसरी वाइड थी। आशुतोष ने सिंगल लिया और शशांक ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाया।

## हैदराबाद की पारी लड़खड़ाई

पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद की पारी एकदम से लड़खड़ा गई और पावरप्ले तक उसने अपने तीन विकेट गंवा दिए थे। पंजाब के गेंदबाजों ने हैदराबाद के बल्लेबाजों को इस दौरान हाथ खोलने का मौका नहीं दिया और टीम पावरप्ले खत्म होने तक तीन विकेट पर 40 रन ही बना पाई। हैदराबाद का आईपीएल के इस सीजन का पावरप्ले का यह सबसे न्यूनतम स्कोर था। यह पहली बार था जब हैदराबाद ने इस सीजन एक फेज में एक से ज्यादा विकेट गंवाए।

## हेड को शुरूआत में मिला था जीवनदान

मैच की शुरूआत अजीब रही क्योंकि सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड पहली ही गेंद पर आउट हो गए थे, लेकिन कैगिसो रबाडा को यकीन नहीं था कि गेंद उनके बल्ले से लगी या नहीं। विकेटकीपक जितेश शर्मा ने डीआरएस लेने के लिए कहा, लेकिन रबाडा को सुनिश्चित नहीं होता देख धवन पीछे हट गए और पंजाब ने रिव्यू नहीं लिया। हालांकि बाद में वीडियो में साफ दिखा कि गेंद बल्ले को छूकर निकली थी। इस तरह हेड को जीवदान मिला।

# मैच के दौरान रोनाल्डो ने खोया आपा विरोधी खिलाड़ी को मारी कोहनी



**नई दिल्ली।** दुनिया के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक बड़ी मुसीबत में फंसते नजर आ रहे हैं। रोनाल्डो सऊदी सुपर कप के मुकाबले में अल हिलाल के खिलाफ अपनी टीम अल नासर की हार के दौरान अपना आपा खो बैठे। उन्होंने ना सिर्फ विरोधी टीम के खिलाड़ी को कोहनी मारी, बल्कि मैच रेफरी को पंच मारने की कोशिश भी की। उनकी इस हरकत के कारण उन पर प्रतिबंध भी लग सकता है। रोनाल्डो की टीम अल नासर की स्थिति अल हिलाल के खिलाफ अच्छी नहीं थी। टीम को इस मुकाबले में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। अल नासर के लिए सादियो माने ने एकमात्र गोल किया। रोनाल्डो इससे काफी निराश थे और मैच के दौरान उन्होंने गुस्से में विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मार दी। उनकी इस हरकत के लिए मैच रेफरी ने तुरंत रोनाल्डो को रेड कार्ड दिखाया। यह पहली बार था जब रोनाल्डो को सऊदी अरब में रेड कार्ड मिला। रोनाल्डो खुद को रेड कार्ड मिलने से नाराज हुए और उन्हें मैच रेफरी को पंच मारने की कोशिश, लेकिन हाथ पीछे खींच लिया। मैच के अंतिम क्षणों में जब अल नासर की टीम बराबरी करने की कोशिश में लगी हुई थी, लेकिन टीम को इसमें सफलता नहीं मिल पा रही थी। मैच के 86वें मिनट में रोनाल्डो ने अल हिलाल के डिफेंडर अली अल बुलाही को कोहनी मार दी जिससे विवाद बढ़ गया। रोनाल्डो की इस हरकत पर अल हिलाल के खिलाड़ियों ने रेफरी से कार्रवाई करने की अपील की। 39 साल का यह दिग्गज खिलाड़ी रेफरी का मजाक उड़ाते भी नजर आया। माना जा रहा है कि इसके लिए रोनाल्डो पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

# ऋषभ पंत की टीम इंडिया में हो सकती है एंट्री!

**नई दिल्ली।** इस साल जून में होने वाला टी20 विश्व कप भले ही अभी कुछ दूर हो, लेकिन इससे पहले ही ये बातें शुरू हो गई हैं कि कौन से खिलाड़ी इस बार भारतीय टीम के साथ यूएसए और वेस्टइंडीज जाएंगे। इस बीच अच्छी खबर ये आई है कि पिछले करीब डेढ़ साल से भारतीय टीम से बाहर चल रहे विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की वापसी भारतीय टीम में हो सकती है। अगर वे टी20 विश्व कप में खेलते हुए नजर आएं तो चौंकिएगा नहीं। साल 2022 के आखिर में ऋषभ पंत एक भयानक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। इसके बाद से लगातार वे क्रिकेट के मैदान से दूर थे। लेकिन करीब 16 महीने बाद उनकी मैदान पर वापसी आईपीएल के माध्यम से हुई, जहां वे एक बार फिर से दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी कर रहे हैं और अच्छे खेल का प्रदर्शन भी कर रहे हैं। इस बीच क्रिकबज के हवाले से खबर सामने आई है कि वे भारतीय टीम में भी एंट्री कर सकते हैं।

वे सेलेक्टर्स के राडार पर हैं। उनकी वापसी की काफी प्रबल संभावनाएं हैं। ऋषभ पंत ने आईपीएल में इस साल जिस तरह का प्रदर्शन अब तक किया है, उसके बाद वे बाकी विकेटकीपर बल्लेबाजों से काफी आगे निकल गए हैं। साथ ही जिस तरह की फिटनेस उन्होंने दिखाई है, उससे भारतीय टीम के सेलेक्टर्स को विश्वास होने लगा है कि वे इंटरनेशनल मैचों में भी वापसी कर सकते हैं।

## 10 अप्रैल 2024 का राशिफल

**मेष राशि:-** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप बिजनेस से संबंधित कोई भी फैसला अपने भाइयों के सलाह मशवरे से ही लें। यदि आप किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित हो रहे हैं तो अपनी बात अवश्य रखें। आपको संतान की संगति की ओर विशेष ध्यान देना होगा।

**वृष राशि:-** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। परिवार के सदस्य के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपको अपने किसी मित्र के सेहत की चिंता सता सकती है। कार्य क्षेत्र में आप अपने अनुभवों का पूरा लाभ उठाएंगे।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से कार्य करने के लिए रहेगा। आप अपने दिनचर्या में यदि कोई बदलाव करेंगे, तो उसमे आपको अच्छा लाभ मिलेगा।

**कर्क राशि:-** आज आप साझेदारी में काम न करें। व्यापार में यदि आपको कुछ परेशानियां चल रही थी, तो उनमें सुधार होगा। आप अपने साथी से किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं। आपको अपने कामों पर पूरा फोकस बनाए रखने की आवश्यकता है।

**सिंह राशि:-** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने विरोधियों को अपने ऊपर हावी होने ना दें, इसलिए सतर्कता बरतें। सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों को महिला मित्रों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आप सरकारी काम में सफलता प्राप्त करेंगे। आपको शिक्षा में किसी साथी से मदद लेनी पड़ सकती है।

**कन्या राशि:-** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। करियर को लेकर आपके मन में कुछ उलझने रहेंगी, जिन्हें सुलझाने के लिए आप अपने पिताजी से बातचीत करेंगे। आपको किसी बड़े निवेश की तैयारी बहुत ही सोच विचार कर करनी होगी।

**तुला राशि:-** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी ऊर्जा को सही काम में लगाना होगा। परिवार के लोग इसका फायदा उठा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी अजनबी पर भरोसा करना नुकसान देगा।

**वृश्चिक राशि:-** आज का दिन आपके लिए आलस्य को त्याग कर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपने यदि अपने आलस्य को अपने ऊपर हावी होने दिया तो काम बिगड़ सकता है।

**धनु राशि:-** आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके व्यवहार से आपके काफी मित्र बन सकते हैं। व्यापार में धन लगाते समय इसका जिक्र किसी से न करें। परिवार में किसी मेहमान के आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप अपने जीवन स्तर में सुधार लाने की कोशिश करेंगे।

**मकर राशि:-** आज दिन कारोबार के मामले में अच्छा लाभ लेकर आएगा। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आप अपने कामों को लेकर सावधान रहें। अपनी दिनचर्या का पूरा पालन करे, तभी आप अपने कामों को आसानी से पूरा कर पाएंगे।

**कुंभ राशि:-** आज का दिन रोजगार के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपके खर्च आपको परेशान कर सकते हैं। यदि आप अपनी इन्कम को बढ़ाएंगे, तो उसमें आपको सफलता मिलेगी।

**मीन राशि:-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप कार्यक्षेत्र में मुनाफे के चक्कर में किसी गलत काम को ना करें, नहीं तो समस्या हो सकती है। यदि आपको आपके साथी कोई सलाह दें, तो उस पर अमल करने से पहले सोच विचार अवश्य करें।

# जय-जय झूलेलाल मस्त कलंदर





- समूचा शहर जयंती पर हुआ भगवान झूलेलालमय
- शोभायात्रा में शामिल हुई साढ़े तीन दर्जन झांकियां
- विशेष आकर्षण का केंद्र रही श्रीराम मंदिर की झांकी
- हाथीघाट पर ज्योति विसर्जन में दिखा भक्तों का उत्साह
- बाजार कमेटियों ने जगह-जगह किया शोभायात्रा का स्वागत

एनएनआई

**आगरा।** वरुण अवतार भगवान झूलेलाल की जयंती शहर भर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। शहर भर में भारी उत्साह दिखाई दिया। समूचा शहर माता की भक्ति और उल्लास के साथ ही झूलेलालमय दिखाई दिया। सायंकाल शहर में जगह-जगह भगवान झूलेलाल की झांकियां निकलीं। प्रमुख शोभायात्रा घटिया से शुरू हुई। भगवान झूलेलाल के जयघोष फिजाओं में गूंजते रहे। शोभायात्रा का शुभारंभ हरियाली वाटिका से पीर डॉ. शंकरनाथ योगी और आरएसएस के विभाग प्रचारक आनंद के कर-कमलों से हुआ। खास अतिथियों में केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, महिला व बाल श्रम मंत्री श्रीमती बेबीरानी मौर्य, मेयर हेमलता दिवाकर, सांसद राजकुमार चाहर, सांसद नवीन जैन, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष भानु महाजन रहे। मुख्य शोभायात्रा में करीब साढ़े तीन दर्जन झांकियां शामिल थीं। झांकियों की अद्भुत छटां देखते ही बन रही थी।

एक दर्जन से अधिक डीजे पार्टियां और कई बैंड शोभायात्रा में शामिल हुए। घटिया से शुरू होकर शोभायात्रा जिन-जिन रास्तों से गुजरी, भगवान की भक्ति में वह क्षेत्र डूब गया। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में पहली बार अयोध्या के श्रीराम मंदिर की झांकी शामिल की गई जो आस्था का प्रमुख केंद्र रही।

सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी और अन्य पदाधिकारियों ने घटिया पर विभिन्न क्षेत्रों से आईं मोहल्ला पंचायतों की झांकियों का स्वागत किया। मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी ने बताया कि शोभायात्रा में साढ़े तीन दर्जन झांकियां शामिल हुईं। बाजार कमेटियों की तरफ से मंच लगाकर पुष्प वर्षा और भंडारे आयोजित किए गए। इसके अलावा माता हिंगलाज, सांई टेहूराम, स्वामी लीलाशाह महाराज की झांकियां भी खास रहीं। भगवान झूलेलाल की झांकी घोड़े पर सवार थी। वहीं शिव परिवार, गणेशजी, खाटू श्यामजी, जगन्नाथ, महाकाल, भारत माता आदि की झांकियां भी खास रहीं। चार मंडलियां शोभायात्रा में भजन-कीर्तन करते हुए चल रही थीं। शोभायात्रा गुड़ की मंडी, सिंधी बाजार, फौव्वारा, किनारी बाजार, जौहरी बाजार, चिम्मन चौराहा, दरेसी एक, दो और तीन होते हुए हाथीघाट पर ज्योति विसर्जन के लिए पहुंची। शोभायात्रा के साथ सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी, घनश्यामदास देवनानी, गागन दास रामानी, परमानंद आतवानी, जयरामदास होतचंदानी,सूर्य प्रकाश, मेघराज दियालानी, सुशील नौतनानी, श्यामलाल रंगनानी, नंद लाल आयलानी प्रकाश केसवानी, किशोर बुधरानी, राज कोठारी, जगदीश डोडानी, राजू खेमानी, अशोक पारवानी, भजनलाल प्रधान, अमृत मखीजा, जय प्रकाश केशवानी, नरेश देवनानी, राज कुमार गुरनानी, अशोक गोकनी, दीपक आतवानी, राजीव नागरानी, दर्शन थवानी, अशोक चावला, उमेश पेरवानी, जतिन लालवानी, रोहित आयलानी, कमल जूमानी, मोंटू करीरा, कन्हैया सोनी, लाल एम सोनी, जितेंद्र पमनानी आदि चल रहे थे।



## महिलाओं की रही खास भागीदारी

झूलेलाल जयंती शोभायात्रा में सिंधी समाज की महिलाएं शामिल हुईं। भजनों पर थिरकती महिलाएं और बच्चों में गजब का भक्तिभाव दिखाई दिया। शोभायात्रा में अंजू दियालानी, मधु मखीजा, शोभा सोनी, रश्मी बुधरानी, भाविका दियालानी आदि ने बताया कि आयोजन में शामिल होकर उन्हें अपार खुशी हुई। यह महिलाएं अपने-अपने दलों के साथ शोभायात्रा में शिरकत करने पहुंची थीं।

## दरेसी पर की गई जमकर आतिशबाजी

भगवान झूलेलाल शोभायात्रा के दरेसी पहुंचने पर भव्य आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभायात्रा हाथीघाट पर प्रस्थान के दौरान दरेसी स्थित होटल लाल्स-इन पर पहुंची जहां स्वागत किया गया। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया था। सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी ने बताया कि आतिशबाजी के लिए विशेष तौर पर टीम बुलाई गई थी। आतिशी नजारा सभी के आकर्षण का केंद्र रहा।

## गुड़ की मंडी में सिंधु सभा ने किया स्वागत

शोभायात्रा का गुड़ की मंडी पहुंचने पर भारतीय सिंधु सभा की तरफ से स्वागत किया गया। सिंधी सेंट्रल पंचायत के पदाधिकारियों का शॉल ओढ़ाकर और फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में अध्यक्ष अमृत मखीजा, नरेश देवनानी, किशोर बुधरानी, मेघराज दियालानी, राजकुमार गुरनानी, सुमित मधवानी, रोहित आयलानी, मुकेश संभानी, हरेश पंजवानी आदि शामिल रहे।

## बुजुर्गों की याद में बनाए गए स्वागत द्वार

झूलेलाल जयंती शोभायात्रा के दौरान बाजारों में विशेष सजावट की गई। कई जगह स्वागत द्वार बनाए गए। समाज के महापुरुषों और स्वर्गीय बुजुर्गों के नाम पर स्वागत द्वार बनाए गए। इनके जरिए स्व. हकीम अर्जुन दास, स्व. लालचंद्र सोनी, स्व. तीरथदास बसंतानी आदि को नमन किया गया।


